www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 25 अंक 63
शुक्रवार 19 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 41°C
न्यूनतम 31°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-8 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

## 'छात्रों की गूंज' अभियान से राहुल ने छात्रों से मांगे अहम सुझाव



- ऑनलाइन अभियान से जुड़कर छात्र साझा करेंगे सुझाव, सरकार तक पहुंचेगी आवाज

**नई दिल्ली, 18 जून।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार को 'छात्रों की गूंज' नाम से नया अभियान शुरू किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने देशभर के छात्रों से इस पहल का हिस्सा बनने और शिक्षा व रोजगार से जुड़े अपने सुझाव साझा करने की अपील की।

राहुल गांधी ने कहा कि यह अभियान उन लाखों छात्रों की आवाज बनने का प्रयास है, जिन्होंने पेपर लीक, परीक्षाओं में धांधली, बढ़ती फीस और रोजगार जैसी समस्याओं का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए जीवनभर की जमा-पूंजी खर्च कर देते हैं, लेकिन व्यवस्था की खामियों के कारण छात्रों के सपने अधूरे रह जाते हैं।

उन्होंने बताया कि 'छात्रों की गूंज' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि छात्रों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। इसके जरिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली तथा सम्मानजनक रोजगार की मांग को मजबूती मिलेगी।

राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से अपील की कि वे अभियान के आधिकारिक लिंक पर जाकर अपना नाम दर्ज करें, अपने सुझाव साझा करें और ऑनलाइन याचिका पर हस्ताक्षर करें। उनके अनुसार, इस पूरी प्रक्रिया में महज 30 सेकंड का समय लगेगा।

# 60 दिन का युद्ध विराम, होर्मुज फिर खुलेगा

## अमेरिका-ईरान में ऐतिहासिक सहमति, परमाणु वार्ता और व्यापार बहाली का रास्ता साफ

**हस्ताक्षर**

- ट्रंप-पेजेशकियन ने प्रारंभिक समझौते पर किए हस्ताक्षर
- 60 दिन में परमाणु विवाद सुलझाने की होगी कोशिश
- होर्मुज खुलने से वैश्विक तेल बाजार को बड़ी राहत



**एवियन (फ्रांस), 18 जून।** अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने 60 दिनों के युद्धविराम और व्यापक शांति प्रक्रिया के लिए प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौते के साथ ही दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक वार्ता शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। फ्रांस के वर्साय महल में राष्ट्रपति ट्रंप ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जबकि तेहरान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने डिजिटल माध्यम से अपनी सहमति दर्ज कराई।

दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की कि हस्ताक्षर के साथ ही समझौता तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसे 'इस्लामाबाद समझौता' नाम दिया गया है। समझौते के तहत अगले 60 दिनों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस दौरान किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से गुजरता है। इसके दोबारा खुलने से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों में राहत की उम्मीद बढ़ गई है। समझौते की खबर आते ही कच्चे तेल की कीमतों में भी नरमी दर्ज की गई। दोनों पक्षों ने परमाणु विवाद के समाधान के लिए 60 दिनों के भीतर व्यापक सहमति बनाने का लक्ष्य तय किया है।

इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को कम करने और परमाणु गतिविधियों की निगरानी संबंधी व्यवस्था पर बातचीत होगी। ईरान ने एक बार फिर दोहराया कि उसका उद्देश्य परमाणु हथियार विकसित करना नहीं है। समझौते में ईरान के पुनर्निर्माण और आर्थिक स्थिरता के लिए 300 अरब डॉलर की विकास योजना का भी प्रस्ताव शामिल है।

### ईरान समझौते से पाकिस्तान मजबूत, भारत को झटका: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14-सूत्रीय 'इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन (एमओयू)' को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस समझौते को 'इस्लामाबाद एमओयू' नाम दिया जाना पाकिस्तान की बढ़ती क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका का संकेत है तथा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के लिए बड़ा झटका है। जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग कर दिया था, लेकिन अब वही पाकिस्तान पश्चिम एशिया की कूटनीति और सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है। उनके अनुसार, इसका भारत के रणनीतिक हितों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति ने की दिल्ली विवि के नशामुक्त परिसर अभियान की सराहना

**नई दिल्ली, 18 जून।** उपराष्ट्रपति और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने नशामुक्त अभियान परिसर के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना की। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस वर्ष की शुरूआत में विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान और ई-प्रतिज्ञा मंच के शुभारंभ को याद करते हुए छात्रों से नशामुक्त भारत के राजदूत बनने और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ खड़े होने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से 53,000 से अधिक छात्रों ने अनिवार्य शपथ ली है।

### पीएम-किसान की 23वीं किस्त 20 जून को होगी जारी

**नई दिल्ली, 18 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। लाभार्थियों में 2.18 करोड़ से अधिक महिला किसान भी शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई केंद्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### 11 आधुनिक पिस्तौलों के साथ आठ गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 18 जून।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से हथियार तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके आठ तस्करों को 11 आधुनिक पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि इनके पास से बरामद हथियारों में चार .30 बोर (चीनी निर्मित), चार .30 बोर पीएक्स 5 स्टॉर्म, एक .30 बोर ज़िगाना, एक 9 एमएम ग्लॉक (ऑस्ट्रियाई निर्मित) और एक 9 एमएम (ऑस्ट्रियाई निर्मित) तथा आठ जिंदा कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस टीमों ने इनकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

### टेलीग्राम बना नया डार्क वेब, केंद्र का दावा

**नई दिल्ली, 18 जून।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 21 जून को होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के मद्देनजर मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को अस्थायी रूप से बंद करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अदालत में कहा कि टेलीग्राम अब 'नया डार्क वेब' बन चुका है, जिसका इस्तेमाल अपराधी और असामाजिक तत्व गैरकानूनी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि नीट परीक्षा में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के लिए भी टेलीग्राम का व्यापक इस्तेमाल किया गया था, जिसके कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## विकास व संस्कृति का संतुलन ही सशक्त समाज का आधार: मुर्मू

**बैतूल में जनजातीय महासम्मेलन में शामिल हुईं राष्ट्रपति**



**बैतूल, 18 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकास और संस्कृति, दोनों का संतुलन ही एक सशक्त एवं समृद्ध समाज का आधार है। सार्थक विकास वह हैए जो हमारी जड़ों और जीवन मूल्यों से पोषण भी ग्रहण करे तथा उन जड़ों को मजबूत भी बनाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को मध्य प्रदेश के बैतूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण' महासम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उपभोग की संस्कृति पर आधारित आज की तेज भागती दुनिया में समाज के हर वर्ग की आध्यात्मिक शुचिता बहुत महत्वपूर्ण हो गयी है।

इसी के बल पर दीर्घकालिक रूप से समता परक आचरण पद्धति और प्राकृतिक संपदाओं के प्रति संवेदनशील जीवन शैली विकसित की जा सकती है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि समाज का वास्तविक सशक्तिकरण तब होता है जब व्यक्ति आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और जागरूकता के बल पर सामाजिक दायित्वबोध के साथ अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय होता है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता एसडी संजय बने बिहार के नए महाधिवक्ता, राज्यपाल की मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी

**पटना, 18 जून (हि.स.)।** बिहार सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता और भारत सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्यदर्शी संजय (एसडी संजय) को राज्य का नया महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) नियुक्त किया है। पूर्व महाधिवक्ता पी.के. शाही के इस्तीफे के बाद राज्य के विधि विभाग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 165(1) के तहत राज्यपाल की स्वीकृति से उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार मंत्रिमंडल ने एसडी संजय को राज्य का सर्वोच्च विधि अधिकारी नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस नियुक्ति पर अंतिम मुहर लगाई गई। सरकार ने उनके लंबे कानूनी अनुभव और संवैधानिक मामलों में विशेषज्ञता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। एसडी संजय का जन्म एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता शिक्षक थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सर गनेश दत्त पाटलिपुत्र हाई स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा वाणिज्य महाविद्यालय से स्नातक (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की। संवैधानिक कानून, जनहित याचिकाओं, सिविल और आपराधिक मामलों में उन्होंने अपनी विशेष पहचान बनाई और शीघ्र ही राज्य के प्रमुख अधिवक्ताओं में शामिल हो गए। अपने कानूनी करियर के दौरान एसडी संजय ने उच्चतम न्यायालय, पटना उच्च न्यायालय सहित देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में भारत सरकार का प्रभावी पक्ष रखा।

वर्ष 2010 में उन्हें बिहार का अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। इस पद पर उन्होंने वर्ष 2014 तक सेवाएं दीं और कई महत्वपूर्ण मामलों में राज्य सरकार का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने उन्हें भारत सरकार का अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया। उनकी विधिक दक्षता और संवैधानिक मामलों में गहरी समझ को देखते हुए केंद्र सरकार ने 11 सितंबर 2024 को उन्हें पुनः तीन वर्षों के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पद पर नियुक्त किया था। कानूनी और संवैधानिक मामलों के जानकारों का मानना है कि एसडी संजय की नियुक्ति बिहार सरकार का एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक निर्णय है। राज्य के सर्वोच्च विधि अधिकारी के रूप में अब उनकी भूमिका सरकार से जुड़े महत्वपूर्ण संवैधानिक, प्रशासनिक और न्यायिक मामलों में निर्णायक रहेगी। राजनीतिक और कानूनी दोनों हलकों में उनकी नियुक्ति को लेकर विशेष रुचि देखी जा रही है।

## धर्मेंद्र प्रधान ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली, 18 जून।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को प्रस्तावित नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का आकलन करने के लिए गुरुवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा प्रक्रिया में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा दक्षता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी तथा एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे।

## अमित शाह से मिले अमेरिकी राजदूत

**चर्चा**



- रणनीतिक सहयोग पर हुई चर्चा
- आतंकवाद, सीमा सुरक्षा, ड्रग्स नियंत्रण समेत द्विपक्षीय साझेदारी मजबूत करने पर किया मंथन

**नई दिल्ली, 18 जून।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई, सीमा सुरक्षा, नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने और अंतरराष्ट्रीय अपराध पर सहयोग बढ़ाने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है।

बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी बेहद सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने, गैर-कानूनी ड्रग्स और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, सीमाओं की सुरक्षा मजबूत करने तथा अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

यह मुलाकात फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की द्विपक्षीय वार्ता के बाद हुई।

फ्रांस से भारत लौटने के बाद सर्जियो गोर ने अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने मोदी और ट्रंप की बैठक को भी बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक साझेदारी को नई गति देने पर गंभीर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी तथा दोनों देशों के नागरिकों के बीच बढ़ते संबंधों की समीक्षा भी की।

## फ्रांस में प्रमुख उद्योगपतियों से मिले मोदी, निवेश व विस्तार योजनाओं पर चर्चा

**नई दिल्ली, 18 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस यात्रा के दौरान गुरुवार को कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और भारत में निवेश के अवसरों तथा कारोबार विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने निर्माण सामग्री क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सेंट-गोबेन के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। बातचीत में निर्माण सामग्री और अवसंरचना क्षेत्र में अवसरों, विशेषकर टिकाऊ विकास से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में सेंट-गोबेन की मजबूत उपस्थिति और निवेश की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का सृजन हो रहा है। बाजिन ने भारत में कंपनी के निवेश और विस्तार की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने रेल परिवहन और गतिशीलता क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियोन से भी मुलाकात की। इस दौरान रेलवे आधुनिकीकरण और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

## सशक्त गृह रक्षा वाहिनी बनेगी सुरक्षित और विकसित बिहार की आधारशिला: मुख्यमंत्री

**पटना, 18 जून।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित गृह रक्षा वाहिनी के नवनियुक्त गृह रक्षकों के पासिंग-आउट परेड समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन और प्रशिक्षण राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे।

विकसित भारत के संकल्प और समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार करने में पुलिस बल और गृह रक्षा वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विकास और समृद्धि के लिए सुरक्षित वातावरण आवश्यक है और प्रशिक्षित होमगार्ड जवान इस दिशा में अहम योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और वर्ष 2025 के विधानसभा चुनावों के दौरान होमगार्ड जवानों ने अपनी जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में लगभग 1.10 लाख होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई थी और विधानसभा चुनाव 2025 में लगभग 44 हजार जवानों ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों के हित में 3 सितंबर 2025 से उनके दैनिक भत्ते को 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा बलों के कल्याण के प्रति संवेदनशील है और आगे भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के 13 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अपराधियों के लिए राज्य में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा सरकार की विशेष प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि विद्यालयों और कॉलेजों के आसपास 5 हजार स्कूटी एवं मोटरसाइकिल से 'पुलिस दीदी' की तैनाती की जाएगी, जिससे बेटियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## हिमाचल प्रदेश के चंबा में खाई में गिरी बोलेरो, सात लोगों की मौत

**शिमला, 18 जून।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में एक सड़क हादसे में एक ही गांव के सात लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन सगे भाई व दम्पति शामिल है। मृतकों में चार पुरूष व तीन महिलाएं हैं। हादसा बुधवार देर रात चुराह विधानसभा क्षेत्र के पुखरी-मसरूंड मार्ग पर माणी जीरो के पास हुआ, जहां एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में चुन्नी लाल (65), देवी लाल (62), बबली देवी पत्नी मोती राम (45), मोती राम (50), अनीता कुमारी (20), कुंता देवी (53), मनोहर लाल (34) शामिल हैं। इसमें चुन्नी लाल, देवी लाल और मोती राम सगे भाई हैं।

### छह सांसदों की बगावत से महाराष्ट्र और केंद्र की राजनीति प्रभावित

## उद्धव की चुनौती बढ़ी, शिंदे साध रहे नई सियासी बढ़त

**हरि गोविंद**

**तैयारी**

- स्थापना दिवस से पहले शक्ति प्रदर्शन की तैयारी तेज
- लोकसभा से लेकर महायुति तक बदल सकते हैं समीकरण

**मुंबई, 18 जून।** महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है, जहां एक फैसला राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बदल सकता है। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के अलग रुख अपनाने की चर्चाओं ने उद्धव ठाकरे के सामने नया राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। यदि यह घटनाक्रम अंजाम तक पहुंचता है तो एकनाथ शिंदे न केवल संगठनात्मक बढ़त हासिल करेंगे, बल्कि एनडीए के भीतर उनकी राजनीतिक ताकत भी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी।

इन चर्चाओं को उस वक्त और भी बल मिला है जब गुरुवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) की नई दिल्ली में आयोजित संसदीय दल की बैठक में छह सांसद संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर-पूर्व), संजय देशमुख (यवतमाल-वाशिम), नागेश पाटिल अष्टिकर (हिंगोली), संजय जाधव (परभणी), भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी) और ओमप्रकाश उर्फ ओम राजे निम्बालकर (धाराशिव/उस्मानाबाद) अनुपस्थित रहे।

अब इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पार्टी व्हिप की अवहेलना को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दावा है कि शिवसेना (यूबीटी) के अधिकांश सांसद दल बदलने को तैयार हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, संभावित बदलाव किसी अचानक बनी स्थिति का परिणाम नहीं है। पिछले कई महीनों से पर्दे के पीछे लगातार संपर्क और बातचीत का दौर चलता रहा। अनुकूल समय का इंतजार किया जा रहा था और अब माना जा रहा है कि परिस्थितियां उस दिशा में बनती दिखाई दे रही हैं। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र और दिल्ली, दोनों जगह राजनीतिक गतिविधियां तेज हुई हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे अहम पहलू इसकी टाइमिंग है। 19 जून को शिवसेना अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। यदि इसी दौरान सांसद शिंदे खेमे के साथ आते हैं तो यह केवल संख्या बढ़ने का मामला नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक संदेश भी उतना ही बड़ा होगा।

## जालसाजी मामले की जांच में ममता बनर्जी की बहन के घर पहुंची सीआईडी

**कोलकाता, 18 जून।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चयन से जुड़े कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की जांच में गुरुवार को सीआईडी की एक टीम कालीघाट स्थित पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बहन के आवास पर पहुंची। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, जांच दल कथित फर्जी हस्ताक्षर प्रकरण से संबंधित विभिन्न तथ्यों की पड़ताल और आवश्यक जानकारी एकत्र करने के उद्देश्य से वहां पहुंचा था।

हालांकि, सीआईडी की ओर से इस कार्रवाई को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि, यह मामला विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चयन के लिए प्रस्तुत एक प्रस्ताव (रिजॉल्यूशन) से जुड़ा है। आरोप है कि उस प्रस्ताव में कुछ विधायकों के हस्ताक्षरों का उनकी जानकारी या सहमति के बिना उपयोग किया गया।

शिकायत सामने आने के बाद मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई थी। सीआईडी ने अब तक कई राजनीतिक नेताओं से पूछताछ की है। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी से भी पूछताछ की जा चुकी है। इसके अलावा विधायक कुणाल घोष, पूर्व मंत्री मदन मित्र सहित कई अन्य नेताओं को भी जांच एजेंसी ने तलब कर बयान दर्ज किए हैं। मामले से जुड़े विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान भी चलाया गया है।

# महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ राजद का धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## 15 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

**कटिहार, 18 जून (तरुणमित्र)।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने जिला मुख्यालय के समीप एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में राजद कार्यकताओं ने जिला पदाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकार पर जनसमस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया।



धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष इशरत परवीन ने की, जबकि संचालन प्रधान महासचिव राजेश यादव ने किया। कार्यक्रम में संगठन प्रभारी सीमा स्वीटी हेम्ब्रम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। राजद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बिहार आज भी गरीबी, बेरोजगारी और कम प्रति व्यक्ति आय जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है तथा रोजगार के अवसरों के अभाव में युवाओं का पलायन लगातार बढ़ रहा है। ज्ञापन में महंगाई पर नियंत्रण, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस पर करों की समीक्षा, गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने,शिक्षा-स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना के विकास, किसानों के लिए सिंचाई और कृषि सहायता योजनाओं को मजबूत करने सहित दस सूत्री मांगें रखी गईं। साथ ही आजमनगर प्रखंड के सालमारी स्थित आरजीएस कॉलेज के समीप वर्ष 1996 में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा स्थल के पुनर्निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। धरना में प्रदेश महासचिव समरेन्द्र कुणाल, प्रदेश सचिव सुदामा सिंह, मो. जाहिद, संजू सरदार, गुड्डू यादव, अरुण साह, संतोष यादव, श्रीलाल उरांव, मनोहर यादव, जिला प्रवक्ता भोला पासवान, लक्ष्मी विश्वास, मो. नोमान, बासु लाल, विनोद साह, अंबू यादव, करण कुमार, वाहिद अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन पर पूर्व विधायक कदवा सहित कई वरिष्ठ नेताओं के हस्ताक्षर भी थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इशरत परवीन ने कहा कि राज्य की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है तथा सरकार के पास इन समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। वहीं संगठन प्रभारी सीमा स्वीटी हेम्ब्रम ने कहा कि डबल इंजन सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है और आम लोगों को राहत देने में विफल साबित हुई है। राजद नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

# कोढ़ा पुलिस की कार्रवाई : छीनतई के दो सोने के चेन बरामद, मोतिहारी पुलिस को सौंपे

**कोढ़ा, कटिहार, 18 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के कोढ़ा थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण की दिशा में सफलता हासिल करते हुए मोतिहारी में दर्ज दो अलग-अलग कांडों से जुड़े छीनतई के सोने के चेन बरामद कर संबंधित थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना (मोतिहारी) कांड संख्या-520/26 दिनांक 07.06.2026, धारा-304(2)/111(1) बीएनएस एवं छतौनी थाना (मोतिहारी) कांड संख्या-321/26 दिनांक 7.06.2026, धारा-304(2)/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज मामलों में सोने के चेन छीन लिए गए थे। इन मामलों के अनुसंधान के क्रम में कोढ़ा थाना पुलिस ने तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कांड के प्राथमिक आरोपी विजय यादव, निवासी नया टोला, जुराबगंज वार्ड संख्या-1, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अभियुक्त के घर से छीनतई किए गए दोनों सोने के चेन बरामद कर लिए गए। बरामदगी के बाद कोढ़ा थाना पुलिस ने विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों चेन को नगर थाना एवं छतौनी थाना, मोतिहारी पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इस पूरी कार्रवाई में कोढ़ा थाना अध्यक्ष पंकज आनंद एवं अपर थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पत्रकारों के ऊपर हो रहे एकतरफा प्रशासनिक कारवाई के विरोध में सड़क पर उतरे पत्रकार

## डीएम और डीआईजी को ज्ञापन सौंप निष्पक्ष जांच का किया मांग

**दरभंगा, 18 जून (तरुणमित्र)।** पत्रकारों के संवैधानिक अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा निष्पक्ष पत्रकारिता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर बुधवार को दरभंगा के पत्रकारों ने पैदल मार्च निकाला। इससे पूर्व जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को पत्रकारों ने ज्ञापन भी दिया।



साथ ही हाल के दिनों में पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज हो रहे मामलों, गिरफ्तारी की बढ़ती घटनाओं तथा निष्पक्ष जांच की मांग जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं मिथिला प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज कुमार तिवारी से की। ज्ञात हो कि पिछले दिनों एक अखवार के पत्रकार को झूठे मामले में फंसाकर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया उससे स्थानीय पत्रकारों में पुलिस प्रशासन के प्रति काफी नाराजगी है। जिसके विरोध में विभिन्न समाचार पत्रों, चैनलों और सोशल मीडिया के पत्रकारों ने गुरुवार को प्रेस क्लब दरभंगा में बैठक की। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि कई मामलों में संबंधित पत्रकारों को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर दिए बिना ही कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाती है। जिससे पत्रकारों के बीच भय एवं असुरक्षा का वातावरण बन रहा है और स्वतंत्र पत्रकारिता प्रभावित हो रही है। इसलिए यह जरुरी है कि किसी भी पत्रकार के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी जाए तथा संबंधित पत्रकार को अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया जाए। साथ ही पत्रकारों से जुड़े मामलों की प्रारंभिक जांच डीएसपी स्तर अथवा उससे ऊपर के अधिकारी से होने के बाद जांच प्रतिवेदन के आधार पर ही आगे की कारवाई होनी चाहिए। मौके पर संजय कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डू राज, लाल बाबू, एमएच खान, नौशाद अहमद, चंद्र प्रकाश कर्ण उर्फ टिंकू, विवेक मुस्कान पंडित, फैजान दानिश, आशीष महापात्र, जाहिद अनवर राजू, रोहित कुमार, सूरज कुमार, प्रो. संतोष दत्त झा, कौशल किशोर कर्ण, राहुल चौधरी, लक्ष्मण कुमार, नीरज कुमार राय, सरफराज आलम, राकेश झा, धर्मेंद्र मिश्रा, रमन चौधरी, संजय राय, मनोज कुमार झा, प्रभास रंजन, सोनू झा, मोहन झा, लालटून शर्मा, रमेश शर्मा, वीरू पासवान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# ऑफिसर्स क्लब में नवनिर्मित बास्केटबॉल ग्राउंड का हुआ उद्घाटन

**कटिहार, 18 जून (तरुणमित्र)।** रेलमंडल अंतर्गत खेल एवं फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेलवे ऑफिसर्स क्लब स्थित नवनिर्मित बास्केटबॉल ग्राउंड का उद्घाटन प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता (पीसीईई) सुधांशु कृष्ण दुबे द्वारा किया गया।

वही उद्घाटन समारोह में कटिहार रेल मंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, खेल पदाधिकारी पंकज पाल, डीसीएम कुमार जितेंद्र सिंह सहित कटिहार मंडल के सभी वरिष्ठ वो अन्य रेल अधिकारी बड़ी संख्या में रेल अधिकारी मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने खेल सुविधाओं के विस्तार को कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। वही डीआरएम किरेंद्र नरह ने बताया कि यह आधुनिक बास्केटबॉल ग्राउंड खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करेगा तथा मंडल में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी।

# कोढ़ा में नाबालिक के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोलासी, कटिहार, 18 जून (तरुणमित्र)।** कोढ़ा थाना अंतर्गत बसगड़ा पंचायत, वार्ड संख्या-11 में एक 04 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की गंभीर एवं निंदनीय घटना घटित हुई है। सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित कांड दर्ज किया गया।



प्रारंभिक जांच एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर नामजद अभियुक्त जगत व्याधा, पिताझएतवारी व्याधा को तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं सूक्ष्म तरीके से किया गया, जिसमें आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए हैं। साथ ही पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण सदर अस्पताल, कटिहार में चिकित्सकों की उपस्थिति में कराया गया है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।पुलिस द्वारा इस कांड में तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की गई है।

# खेल क्षेत्र में दरभंगा का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी का हुआ सम्मान समारोह

**दरभंगा, 18 जून (तरुणमित्र)।** द एथलीट्स क्लब द्वारा 92वीं राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में 200 एवं 400 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आदित्य चौधरी, पांच किलोमीटर रेस वॉक में पदक जीतने वाले आलोक कुमार तथा शॉट पुट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली वर्षा रानी को सम्मानित किया गया।



वक्ताओं ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से दरभंगा को राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में बताया गया कि ये खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी सफलता के पीछे नियमित अभ्यास, अनुशासन और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। इस अवसर पर खिलाड़ियों के प्रशिक्षक कोच विकास मिश्रा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्षों से निःशुल्क प्रशिक्षण देकर कई खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम किया है। उपस्थित लोगों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि जिले के खिलाड़ी सफलता हासिल कर रहे हैं। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष आकांक्षा, कोषाध्यक्ष अभिनव आनंद तथा खिलाड़ियों के सहयोगी प्रवीण कुमार सिंह उर्फ पिंकू सिंह के योगदान की भी प्रशंसा की गई। सभी ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समारोह के मुख्य अतिथि क्षत्रिय महासभा के दरभंगा जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उर्फ पिंकू सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जिले के खिलाड़ी आने वाले समय में राज्य स्तर से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है जरूरत सिर्फ सही मार्गदर्शन, बेहतर सुविधाओं और निरंतर सहयोग की है।

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में सामान बरामद



**कुरसेला, कटिहार, 18 जून (तरुणमित्र)।** कुसेर्ला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के सामान के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने थाना क्षेत्र के पावर हाउस स्थित एक घर में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में संदिग्ध सामान बरामद किया। पुलिस के अनुसार बरामद सभी सामान कुसेर्ला पावर हाउस निवासी अजय कुमार के घर से मिला है। जब्त सामान में तारा कंपनी के गुटखा के करीब 1500 पैकेट, दिलबाग कंपनी के 1200 पैकेट गुटखा, 45 एनसीसी ट्रैक सूट, चार बोरा अर्धजला तांबे के तार के टुकड़े, चार चारपहिया वाहन के सीट कवर, 40 छोटे एवं 10 बड़े पानी के टब तथा 10 कालीन-दरी शामिल हैं। मामले में पुलिस ने कुसेर्ला पावर हाउस निवासी अजय कुमार (20), पिता मनोज सिंह, झारखंड के साहिबगंज निवासी पप्पू दास (40), पिता स्वर्गीय कारू दास तथा पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी नंदू पाल (40), पिता स्वर्गीय जीवन कृष्ण पाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि बरामद सामान के संबंध में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। सामान के स्रोत और उसकी खरीद-बिक्री से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# गुरुद्वारा डोमटोली में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

**गयाजी, 18 जून (तरुणमित्र)।** महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत गुरुद्वारा डोमटोली में सखी वार्ता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।साथ ही महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम के जयवन्ती सिन्हा, सुशांत आनंद एवं विशाल कुमार वर्मा उपस्थित रहे।सभी पदाधिकारियों ने महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी दी।

# घर से सटे प्लॉट में अवैध मिट्टी कटाई का आरोप

## पीड़ित ने माइनिंग पदाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**कोलासी, कटिहार, 18 जून (तरुणमित्र)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र के सोनापुर गांव निवासी 65 वर्षीय मोहम्मद यूसुफ ने अपने घर से सटे प्लॉट में कथित रूप से अवैध और अत्यधिक गहराई तक मिट्टी कटाई कराए जाने से मकान पर खतरा उत्पन्न होने का आरोप लगाते हुए जिला माइनिंग पदाधिकारी, कटिहार को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।



आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद बबलु और मोहम्मद हजरत अली द्वारा ब्रोकर के रूप में प्लॉट से लगातार मिट्टी की खुदाई कराई जा रही है। इससे उनके पक्के मकान की नींव कमजोर हो गई है और घर के क्षतिग्रस्त होने तथा गिरने का खतरा बढ़ गया है।पीड़ित का आरोप है कि मोहम्मद हजरत अली ने दो डिसमिल जमीन के एवज में 85 हजार रुपये अग्रिम लेकर उनके मकान से सटी पश्चिम दिशा की जमीन उचित राशि लेकर रजिस्ट्री कराने का मौखिक आश्वासन दिया था। लेकिन बाद में मात्र डेढ़ फीट की दूरी पर लगभग चार फीट गहरा गड्ढा खोदकर मिट्टी बेच दी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ विश्वासघात का भी सामना करना पड़ा।आवेदन में यह भी कहा गया है कि 16 जून 2026 को जब उन्होंने मिट्टी कटाई का विरोध किया तो सभी आरोपित लाठी, लोहे की रॉड सहित अन्य हथियारों से लैस होकर पहुंचे, गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी, पुत्रवधू और पुत्र के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है।पीड़ित ने जिला माइनिंग पदाधिकारी से अवैध मिट्टी कटाई तत्काल रुकवाने, दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा उनके मकान और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। मामले की आधिकारिक पुष्टि और जांच के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंहवाड़ा के सनहपुर स्थित उत्क्रमित विद्यालय परिसर में 1 जुलाई से होगी डिग्री की पढ़ाई

**दरभंगा, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सिंहवाड़ा प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, सनहपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में होने वाले डिग्री कॉलेज संचालन की तैयारियों एवं उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित संवेदक को विद्यालय परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से महाविद्यालय में पठन पाठन का कार्य शुभारंभ होगा। इसलिए विद्यालय का नाम डिग्री कॉलेज लिखवाए और महाविद्यालय परिसर तक आने-जाने में सुगम पहुंच के लिए पथ के ढलाई कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। उन्होंने विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए छात्र - छात्राओं के हित एवं सुरक्षा के लिए विद्यालय की चाहरदीवारी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने को कहा ताकि डिग्री कॉलेज संचालन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाई जा सके। मौके पर अंचलाधिकारी सिंहवाड़ा नेहा कुमारी, राजस्व अधिकारी सिंहवाड़ा मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### जिला मुख्यालय में बीस सूत्री कार्यालय का किया मांग

**दरभंगा, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जीवछ सहनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिल मांग पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने दरभंगा मुख्यालय के निकट जिला बीस सूत्री का एक कार्यालय स्थापित करने की मांग की। बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि जिला मुख्यालय में कार्यालय होने से दूर - दराज से आने वाले जनता की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों का समयबद्ध निष्पादन होगा। जिला बीस सूत्री इकाई सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाती है। ऐसे में एक सुसज्जित एवं सुलभ कार्यालय न केवल जनसुनवाई को प्रभावी बनाएगा बल्कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगा। मौके पर कमलेश मंडल, अभय झा, अंकुर गुप्ता, सपना भारती, अमलेश झा मौजूद थे।



### डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय का किया भव्य स्वागत

**गयाजी, 18 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने गुरुवार को ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गयाजी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को गयाजी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर श्रीमद भागवत गीता, अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि 12 साल बेमिसाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अनेको कार्य देशहित में हुआ हैं भारत को वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया हैं, आर्थिक संकट के बावजूद आत्मनिर्भर भारत योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप योजनाओं से आमजन का जीवन बदला हैं। मोदी के नेतृत्व में आर्थिक सामाजिक, कूटनीति और सुरक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धि हासिल की हैं।सर्जिकल स्ट्राइक,आतंक के साथ साथ नक्सल पर अंतिम प्रहार कर हाशिये पर आ गया।इसी उपलक्ष्य में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देंगे।स्वागत करने वाले में प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह, विजय कुमार मांझी,पूर्व संसद रामजी मांझी, हरि मांझी, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, कमल सिन्हा, दीपक पाण्डेय, संतोष सिंह, अजय कुमार, शशि सिन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# साहित्यकारों को जनमानस की समस्याओं पर लेखनी चलाने की है जरूरत

**गया जी, 18 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश समिति एवं फरीदाबाद जिला समिति के संयुक्त संयोजन में आयोजित मासिक साहित्यिक भेंटवार्ता एक शाम साहित्य के नाम के जून 2026 अंक में बतौर आमंत्रित साहित्यकार कवि प्रो. डॉ. विमल प्रकाश गौतम उर्फ डॉ विमल फरीदाबादी रहे।

कार्यक्रम की संयोजिका एवं संचालिका शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश सचिव एवं फरीदाबाद जिला समिति की संरक्षक सरोज कुमार ने डॉ विमल का संक्षिप्त शैक्षणिक एवं साहित्यिक परिचय देते हुए शब्दवीणा के राष्ट्रीय मंच पर अभिनंदन किया।कार्यक्रम की समन्वयक एवं शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने भी डॉ विमल प्रकाश का स्वागत किया।सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के उपरांत सरोज कुमार ने डॉ विमल से एक शिक्षक एवं साहित्यकार के सामाजिक दायित्वों एवं साहित्य के उद्देश्यों पर बातचीत प्रारंभ की।

डॉ विमल ने बतलाया कि वर्तमान में वे पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा में शारीरिक शिक्षा विषय के सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं तथा वे केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति में भी फिजिकल एजुकेशन टीचर के रूप में भी अपनी सेवा दे चुके हैं।एक खेल शिक्षक एवं साहित्यकार के रूप में वे अपने छात्र-छात्राओं में अनुशासन, सक्रियता, देश और समाज में फैली बुराइयों के प्रति सुधारात्मक दृष्टिकोण, मानवीयता, संकल्पबद्धता, सामूहिक एकता और अपनत्व जैसे गुणों का संवर्द्धन करने की कोशिश करते रहे हैं।उन्होंने अच्छे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खिलाड़ियों को भी साहित्य से जुड़े रहने का परामर्श दिया।वातार्कार श्रीमती सरोज कुमार द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों का उत्तर देते हुए डॉ विमल ने कहा कि मानवीय रिश्तों में ईमानदारी का होना बहुत जरूरी है।सबसे पहले हमें स्वयं के प्रति ईमानदार रहने की जरूरत है, तभी हम देश तथा समाज के प्रति ईमानदार रह सकते हैं।

उन्होंने अपने एकल काव्य संग्रह कविता-ए-तल्ख में से रिश्तों में मुझको न छल चाहिए, हृदय हमारा निर्मल चाहिए गीत सुमधुर स्वर में गाकर सुनाया।डॉ विमल ने बताया कि लेखक एवं सह-लेखक के रूप में अब तक उनकी सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।उन्होंने नारी से जनम, नारी का दमन कविता द्वारा समाज में जन्म देने वाली नारियों के दलन, दमन, और शोषण पर चिंता जताई।समाज में बुराइयों पर अच्छाइयों के विजय के लिए साहित्यकार की भूमिका को महत्वपूर्ण बतलाते हुए कहा कि साहित्यकार की कलम में ईमानदारी और सच्चाई होनी चाहिए।एक साहित्यकार को जनमानस की समस्याओं पर लेखनी चलानी चाहिए।डॉ विमल ने पीड़ा के विविध स्वरूपों पर विचार रखे।उन्होंने शब्दवीणा द्वारा एक शाम साहित्य के नाम में आमंत्रण को देश भर के साहित्यप्रेमी श्रोताओं से जुड़ने का अविस्मरणीय अवसर बतलाते हुए डॉ. रश्मि, श्रीमती सरोज एवं शब्दवीणा परिवार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। शब्दवीणा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक पर शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से किया गया, जिससे जुड़कर जैनेन्द्र कुमार मालवीय, महेश चंद्र शर्मा राज, सुरेश विद्यार्थी, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, प्यारचन्द कुमार मोहन, सुरेश विद्यार्थी, पुरुषोत्तम तिवारी, डॉ विजय शंकर, डॉ परशुराम तिवारी भार्गव, नंद किशोर जोशी, डॉ वीरेन्द्र कुमार, डॉ रवि प्रकाश, डॉ वीरेन्द्र कुमार, डॉ रश्मि प्रियदर्शनी सहित देश के विभिन्न प्रदेशों के साहित्य प्रेमियों ने भेंटवार्ता का लाभ उठाया।

# 12 सितंबर को लगेगा इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत



**दरभंगा, 18 जून (तरुणमित्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एडीआर भवन में थानाध्यक्षों की बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जुनैद आलम ने कहा कि न्यायालयों द्वारा सुलह और समझौते योग्य मुकदमों में पक्षकारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारे के लिए सभी नोटिसों को ससमय पक्षकारों तक पहुंचना जरूरी है। साथ ही जरूरी है कि नोटिस तामील कराने वाले पुलिस अधिकारी पक्षकारों को विशेष रूप से सुलह समझौते के लिए प्रेरित करें। मुकदमों के लोक अदालत में निपटारे से होनेवाले फायदों से भी उन्हें अवगत करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने कहा कि 18 जुलाई को एनआईएक्ट के चेक बाउंस संबंधी मुकदमों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित किया जाएगा।

वहीं सभी तरह के शमनीय मुकदमों के निपटारे के लिए 12 सितंबर को वर्ष 2026 का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा। लोक अदालतों के सफल आयोजन में ससमय नोटिस तामिले की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए नोटिसों का ससमय तामिल होना जरूरी है। लोक अदालत का आयोजन दरभंगा, बेनीपुर एवं बिरौल न्यायालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिले के सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे।

# कृषि मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में हुए शामिल



**गया, 18 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के कृषि विभाग सह प्रभारी मंत्री गया जिला विजय कुमार सिंह ने गुरुवार को गया जिला के बेलागंज एवं मानपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में शामिल हुए।

सात निश्चय योजना-3 का अवयव सबका सम्मान जीवन आसान के संकल्प को धरातल पर उतारने एवं जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को बिहार के सभी जिलों में पंचायतवार इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंत्री का स्वागत डीएम द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।साथ ही अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि पूरे जिले में प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर आयोजित है।

राज्य सरकार द्वारा इसके लिए पिछले 11 मई को ही सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 1100 जारी किया था, जिसके माध्यम से लोग सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।इस शिविर का उद्देश्य पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता स्तर पर प्राप्त शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जाना है। यह कार्यक्रम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का जरिया है। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन आपका हर संभव सहयोग करने के लिए सदैव तैयार है।साथ ही मंत्री ने बताया की आज सभी विभागों के काउंटर इस शिविर में लगाए गए हैं, उनसे संबंधित पदाधिकारी पूरी कोशिश करें कि प्राप्त होने वाले आवेदन का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जा सके तथा आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर हर हाल में निष्पादन किया जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित को ध्यान में रखते हुए ही योजनाएं बनाती है और नीतियां निर्धारित करती है।जनता की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन का दायित्व है।यह प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर कार्यक्रम पूरे जिले में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर पर लगाई जा रही है ताकि लोगों के सपने साकार हों, उनके सपने टूटे नहीं, उनका भरोसा राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के प्रति और मजबूत हो सके।उन्होंने कहा कि अंचल, प्रखंड या थाना स्तर पर जो जन समस्याएं हैं उनका समाधान 30 दिन के अंदर किया जाए।डीएम शशांक शुभंकर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर एवं सहयोग पोर्टल पर ऑफलाइन एवं ऑनलाइन के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित जिले में 14873 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमे से 12 हजार से अधिक आवेदनों को निष्पादित करते हुए आज आवेदक को निष्पादित पत्र भी देने का काम किया जा रहा है।

यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, उन सभी आवेदनों को 30 दिनों के अंदर समाधान करवाते हुए शिविर के तिथि में शिविर में आवेदक को निष्पादन रिपोर्ट उपलब्ध करवाया जाए। आज अनेको आवेदकों को यहां बासगीत पर्चा, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के लाभुकों को प्रोत्साहन राशि स्वरूप सांकेतिक कागजात प्रदान किया।इस अवसर पर विधायक वजीरगंज, विधायक बेलागंज, डीएम, डीडीसी, एडीएम आपदा, बीडीओ, सीओ, सहित अन्य तमाम पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भागलपुर में जुटेंगे देशभर के दिग्गज ऑथोर्पेडिक विशेषज्ञ




**भागलपुर, 18 जून (तरुणमित्र)।** भागलपुर में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ा एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में पूर्वी भारत का प्रतिष्ठित वार्षिक ऑर्थोपेडिक सम्मेलन मिडकॉन 2026 का आयोजन 20 और 21 जून को भागलपुर में किया जाएगा। भागलपुर ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले आॅर्थोपेडिक विशेषज्ञ, सर्जन और चिकित्सक हिस्सा लेंगे।

सम्मेलन में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रॉमा सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, आर्थोस्कोपी, बाल अस्थि रोग, रोबोटिक एवं नेविगेशन आधारित सर्जरी समेत हड्डी और जोड़ से जुड़ी आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर चर्चा होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. बिहारी लाल ने बताया कि यह सम्मेलन केवल चिकित्सा ज्ञान का मंच नहीं बल्कि अनुभवों और नई तकनीकों के आदान-प्रदान का अवसर भी होगा। इससे बिहार में ऑर्थोपेडिक चिकित्सा को नई पहचान मिलेगी भागलपुर ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में देश के कई प्रसिद्ध डॉक्टर शामिल होंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक सत्रों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने कहा कि मिडकॉन 2026 के माध्यम से भागलपुर को राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अवैध शराब मामले में आरोपित को 5 वर्ष की सजा

**भागलपुर, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिले में अवैध शराब के कारोबार से जुड़े एक मामले में विशेष उत्पाद न्यायालय-2 ने गुरुवार को आरोपित जीवन चौधरी को पांच वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं चुकाने की स्थिति में उसे अतिरिक्त छह माह की सजा भी भुगतनी होगी। मामला मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र का है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, सितंबर 2024 में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर पर अवैध शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की पुलिस को देखते ही आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 8 लीटर देसी शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने शराब जब्त कर मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। पूर्व में उसके घर से ताड़ी और देसी शराब की बरामदगी के मामले सामने आ चुके हैं।

## पीट कर महिला की हत्या,सिर पर चोट के निशान

**गया, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिले में एक 30 साल की महिला की हत्या कर दी गई है।इस घटना के बाद से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल है। मृतक महिला की पहचान निमसर गांव के रहने वाले प्रमोद कुमार की 30 साल की पत्नी संगीता कुमारी के रूप में की गई है।घटना अलीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निमसर गांव की है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय अलीपुर थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।पुलिस ने जब शव को देखा, तो महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिससे यह साफ जाहिर हो रहा था कि उसकी हत्या की गई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को भी मौके पर बुलाया गया।एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और वहां से फिंगरप्रिंट्स व अन्य वैज्ञानिक सबूत इकट्ठा किए, ताकि हत्यारों तक पहुंचा जा सके।इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेज दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी सुशांत कुमार चंचल और अलीपुर थाना के दरोगा राम शुभग सिंह भारी पुलिस बल के साथ निमसर गांव पहुंचे।पुलिस अधिकारियों ने मृतका के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपियों की तलाश तेज कर दी है और शक के आधार पर कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।डीएसपी सुशांत कुमार चंचल ने बताया कि शुरूआती जांच को देखकर यह साफ तौर पर हत्या का मामला लग रहा है। पुलिस इस घटना के पीछे की वजहों को जानने के लिए हर मुमकिन एंगल आपसी रंजिश या पारिवारिक विवाद से जुड़े कड़ी की जांच कर रही है।

# मौसम के प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुये धान की सीधी बुआई कराई जाय

**गया, 18 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के कृषि मंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, गया जिला ने गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के प्रशिक्षण भवन, सभागार में आयोजित खेत बचाओ अभियान -सह- कृषि जन कल्याण चौपाल एवं संवाद का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया।इस अवसर पर उनके साथ बीरेन्द्र सिंह, विधायक वजीरगंज और डीएम शशांक शुभंकर मंच पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने सभागार में उपस्थित 400 से अधिक किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि किसानों को अपनी खेतों की मिट्टी की जांच नियमित रुप से कराना चाहिये जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी मिल सके और मिट्टी जॉच के बाद मिलने वाले मृदा स्वास्थ्य कार्ड में की गई अनुशंसा के अनुसार ही उर्वरकों का संतुलित उपयोग खेतों में करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और खेती की लागत घटेगी।

उन्होने मौसम में हो रहे बदलाव को ध्यान में रखकर और पहले से योजना बनाकर खेती करने की अपील किया, इसवर्ष एलनीनो के कारण कम वर्षा का पूर्वानुमान लगाया जा रहा है।ऐसे में धान की सीधी बुआई से खेती का अधिक से प्रशिक्षण कराया जाय और जिन किसानों ने पूर्व में इस विधि से खेती किया है उनके खेतों में अन्य किसानों का परिभ्रमण कराकर उन्हें इसके लाभ की जानकारी दी जाय।साथ ही इस अवसर पर उन्होने उपस्थित जन समूह से कहा कि कैंसर और अन्य असाध्य बिमारियॉ पहले बहुत कम हुआ करतीं थी परन्तु आज प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के कारण इस प्रकार की बिमारियॉ आम हो गई हैं इससे बचाव के लिये किसानों को कम से कम एक चौथाई खेतों में प्राकृतिक खेती के तरीके से करना चाहिये और जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, आच्छादन आदि विधियों से खेत को तथा पर्यावरण को बचाने का उपाय करना चाहिये इससे प्रकृति के साथ संतुलन बना रहेगा।

उन्होंने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित करने का आश्वासन दिया।उन्होंने किसानों से अपील किया कि वे एग्री स्टैक योजनान्तर्गत अपना फार्मर आई डी अवश्य बनवा लें, यदि उनकी जमीन का परिमार्जन नहीं हुआ है तो प्रत्येक दूसरे एवं चौथे को लगने वाले सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर में आवेदन करके अपनी जमीन का परिमार्जन करा लें।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद विवेक ठाकुर ने चलाया विशेष जनसंपर्क अभियान, व्यवसायी वर्ग एवं प्रबुद्धजनों से किया संवाद

**नवादा,18 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने गुरुवार को शहर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक वर्गों के लोगों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद स्थापित किया ।क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। सांसद विवेक ठाकुर ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्याम अग्रवाल के आवास पर आयोजित बैठक में व्यापारियों, उद्यमियों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से भेंट की। बैठक में क्षेत्र के विकास, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचनाओं के विकास तथा आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सांसद ने उपस्थित लोगों के सुझावों एवं विचारों को गंभीरता से सुना और उन्हें विकास की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बताया ।सांसद विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल एवं गौरवशाली 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश में हुए व्यापक विकास कार्यों की जानकारी भी लोगों के साथ साझा की।

### ट्रेन पर पथराव करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**भागलपुर, 18 जून (तरुणमित्र)।** दानापुर-साहेबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस पर पथराव करने वाले व्यक्ति इरफान को रेल पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पथराव की घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। दोनों एजेंसियां अपने-अपने सूत्रों के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। आज सुबह सूचना मिली कि आरोपित व्यक्ति अपने घर में छिपा हुआ है। इसके बाद टीम ने मोहद्दीनगर स्थित उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि बीते बुधवार को दानापुर से साहेबगंज जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस जब नाथनगर और भागलपुर स्टेशन के बीच परबत्ती इलाके से गुजर रही थी, तभी मो. इरफान ने ट्रेन पर पथराव किया था। आरपीएफ इंस्पेक्टर ए.के. गिरि ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि वह नशे का सेवन करता है। पूछताछ पूरी होने के बाद उसके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार भागलपुर रेलखंड पर इससे पहले भी ट्रेनों पर पथराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बीते वर्ष वंदे भारत एक्सप्रेस पर भी पथराव हुआ था, जिसके बाद रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया था।

### आपदा प्रबंधन के तहत उपविकास आयुक्त ने की विकास कार्यो की समीक्षा

**नालंदा, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में आज गुरुवार को रंजन कुमार चौधरी प्रभारी उप विकास आयुक्त - सह - अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन नालन्दा की अध्यक्षता में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद् की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद् के सदस्यों द्वारा उपभोक्ताओं के मध्य उनके अधिकारों के संबंध में जागरूकता फैलाने, उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण करने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गयी ।उपभोक्ताओं के मध्य जागरूकता फैलाने के संबंध में सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि सरकारी पंचायत भवन में सुगोचर स्थान पर एक बड़ा पोस्टर लगाया जाय जिसमें उपभोक्ताओं के अधिकार एवं उसके संरक्षण से संबंधित विवरणी स्पष्ट रूप से स्थानीय भाषा में उल्लिखित हो जिससे पंचायत भवन में आने वाले उपभोक्ता अपने अधिकारों को जान सकें। साथ ही माह में कम से कम एक बार पंचायत भवन में स्थानीय जन प्रतिनिधियों यथा मुखीया, वार्ड सदस्य की उपस्थिति में उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित एक सेमिनार के आयोजन करने का सुझाव दिया गया।

### शंकर बिगहा में श्री शिव प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**वजीरगंज (गया), 18 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड कें शंकर बिगहा गांव में गुरुवार को श्री शिव सह-परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य जल-यात्रा एवं कलश शोभा यात्रा से हुआ। सैकड़ों महिलाओं व ग्रामीणों ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया ।हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया ।यज्ञाचार्य उमानाथ त्रिपाठी के निर्देशन में वैदिक अनुष्ठान हो रहे हैं ।कथा वाचिका किशोरी संजू उपाध्याय कथा करेंगी ।महायज्ञ 18 से 24 जून तक चलेगा ।प्रतिदिन शाम 7 से 9 बजे श्रीराम कथा व रात 9:30 से 2 बजे तक रासलीला होगी ।24 जून को प्राण-प्रतिष्ठा, पूणार्हुति व महाभंडारे से समापन होगा। आयोजन कें सफल संचालन में मुन्ना सिंह, धर्मेंद्र सिंह, चिंटू सिंह समेत समस्त ग्रामवासी सक्रिय हैं।

### बोधगया में महादलित बोले-जमीन पर भू-माफिया की नजर, पीड़ित परिवारों ने केंद्रीय मंत्री-डीएम से लगाई गुहार

**गयाजी, 18 जून (तरुणमित्र)।** बोधगया अंचल के जानी बीघा मौजा से एक मामला सामने आया है, जहां लगभग 100 महादलित परिवारों के आशियाने और जमीन पर भू-माफिया की बुरी नजर पड़ गई है ।साल 1987-88 में सरकार की ओर से इन गरीब परिवारों के बीच परमाना ( भूमि का पट्टा) बांटा गया था ।करीब चार दशक बीत जाने के बाद भी ये परिवार अपनी ही जमीन को बचाने के लिए सरकारी दफ्तरों व जन प्रतिनिधियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

दरअसल, इन 100 महादलित परिवारों में से कई लोगों की जमाबंदी तो कायम हो चुकी है और वे नियमित रूप से अपनी मालगुजारी रसीद भी कटा रहे हैं ।लेकिन, एक बड़ी आबादी ऐसी भी है जिनका परमाना सत्यापन न होने के कारण आज तक सरकारी रसीद नहीं कट पाई है। पीड़ित ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी वे इस जमीन के वेरिफिकेशन के लिए बोधगया अंचल कार्यालय जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि अंचल में परमाना वितरण का रजिस्टर ही उपलब्ध नहीं है। सरकारी तंत्र की इस सुस्ती और लापरवाही का फायदा अब इलाके के भू-माफिया उठाने में लग गए हैं ।पिछले 2-3 महीनों से इलाके में भू-माफिया का आतंक अचानक बढ़ गया है। ग्रामीण बताते हैं कि भू-माफिया अपने साथ निजी अमीन लेकर आते हैं और महादलितों के कब्जे वाली जमीन पर जबरन नापी व सीमांकन करने की कोशिश कर रहे हैं। गरीब परिवारों ने जब अपनी जमीन को बचाने के लिए इसका कड़ा विरोध किया, तो भू-माफियाओं के साथ उनकी 2-3 बार तीखी झड़प भी हुई ।इस दबंगई के बाद से पूरा महादलित समाज डरा और सहमा हुआ है ।उन्हें डर है कि कहीं उनके सिर से छत न छिन जाए ।इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात कर अपनी जमीन बचाने की गुहार लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गया के सांसद प्रतिनिधि ई. नंदलाल मांझी ने मोर्चा संभाल लिया है ।उन्होंने दो दिन पहले गया के डीएम से फोन पर बात की थी और खुद उनसे मुलाकात कर बोधगया अंचल के साथ-साथ अन्य अंचलों की भूमि समस्याओं से उन्हें रूबरू कराया। नन्दलाल मांझी ने बताया कि ?हमारी मांग है कि प्रशासन तत्काल परमाना वितरण रजिस्टर को खोजकर वेरिफिकेशन का काम शुरू करे ।ताकि गरीबों की रसीद कट सके।

# नाबालिग लड़की से छेड़खानी विरोध करने पर घर में घुसकर मारा

**गया, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डोभी थाना क्षेत्र में एक लड़की से छेड़खानी का मामला सामने आया है ।विरोध करने पर मनचलों ने घर में घुसकर पूरे परिवार की पिटाई कर दी ।पीड़िता की मां और मामा को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

10 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना 11 जून की है, मामला अब सामने आया है। पीड़िता की मां ने रोते बताया कि घर में रसोई गैस खत्म हो गई थी ।दोपहर के खाने की तैयारी चल रही थी ।दाल में छौंक लगाना बाकी रह गया था ।मैंने अपनी नाबालिग बिटिया को बस इतना कहा कि बाहर जाकर चूल्हा सुलगाने के लिए कुछ गोइठा ले आओ ।जैसे ही वो घर से बाहर निकली, गांव के ही कुछ दबंग और मनचले युवकों ने उसे घेर लिया ।दरिंदगी की हद पार करते हुए सरेराह लड़की का हाथ पकड़ लिया ।उसके साथ सरेआम छेड़खानी और बदतमीजी शुरू कर दी ।मनचलों के चंगुल से किसी तरह खुद को छुड़ाकर और अपनी जान बचाकर लड़की रोती-बिलखती घर पहुंची।

वह इतनी डरी और सहमी हुई थी कि लगातार कांप रही थी ।बेटी को इस हालत में देखकर पैरों तले जमीन खिसक गई ।जब रोने का कारण पूछा, तो बेटी ने जो बताया उसे सुनकर पूरे परिवार के होश उड़ गए ।लड़की ने बताया कि रास्ते में लड़कों ने न केवल उसका रास्ता रोका, बल्कि हाथ पकड़कर घिनौनी हरकतें भी की ।इस बीच शर्मनाक घटना की भनक मामा को लग गई ।मामा ने तुरंत अपनी भांजी से पूरी बात पूछी और आपबीती सुनने के बाद उनका खून खौल उठा ।वे बाहर गए और हिम्मत दिखाते हुए आरोपी युवक को पकड़कर पूछताछ के लिए अपने घर ले आए ।लेकिन यह दबंगों को नागवार गुजरी। अचानक आरोपी युवक के परिजन लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से लैस होकर पीड़िता के घर में घुस गए ।उन्होंने बिना कुछ सोचे-समझे पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। दबंगों ने पीड़िता की मां, मामा और घर के अन्य सदस्यों को घेरकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

चीख-पुकार मचने के बावजूद आरोपी तब तक पीटते रहे जब तक कि वे लहूलुहान नहीं हो गए ।इस जानलेवा हमले में पीड़िता की मां और मामा गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है ।स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार, यह कोई पहली घटना नहीं है ।गांव के लड़के पिछले काफी दिनों से इस नाबालिग लड़की को आते-जाते परेशान कर रहे थे ।राह चलते अभद्र फब्तियां कसना, गाली-गलौज करना और विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते थे ।पीड़ित परिवार लोकलाज और डर के मारे चुप था, लेकिन इस बार पानी सिर से ऊपर चला गया। ?इस खूनी संघर्ष और छेड़खानी के बाद इलाके में तनाव का माहौल है ।पीड़िता के मामा ने डोभी थाना में नामजद आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी, घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमला करने का लिखित आवेदन देकर केस दर्ज कराया है।

## एसएसबी ने बॉर्डर के पास 180 किलो कॉपर वायर के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**अररिया, 18 जून (तरुणमित्र)।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 52वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी डुमरिया के जवानों ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 180 किलो कॉपर वायर के साथ एक रिक्शा जब्त किया। मामले में एसएसबी ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है,जिससे बिओपी कैंप में एसएसबी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। कॉपर वायर को रिक्शा पर लादकर नेपाल से भारतीय सीमा में लाया गया था और बॉर्डर क्षेत्र में संदिग्ध हालत में छिपाने की कोशिश की जा रही थी जिस क्रम में एसएसबी के जवानों ने कार्रवाई करते हुए इसे पकड़ा। कॉपर वायर लाने के उद्देश्य को लेकर एसएसबी के अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। फिलहाल गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। एसएसबी 52 वीं मुख्यालय ने इस बात की पुष्टि की है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता एसडी संजय बने बिहार के नए महाधिवक्ता, राज्यपाल की मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी

**पटना, 18 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता और भारत सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्यदर्शी संजय (एसडी संजय) को राज्य का नया महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) नियुक्त किया है। पूर्व महाधिवक्ता पी.के. शाही के इस्तीफे के बाद राज्य के विधि विभाग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 165(1) के तहत राज्यपाल की स्वीकृति से उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार मंत्रिमंडल ने एसडी संजय को राज्य का सर्वोच्च विधि अधिकारी नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस नियुक्ति पर अंतिम मुहर लगाई गई। सरकार ने उनके लंबे कानूनी अनुभव और संवैधानिक मामलों में विशेषज्ञता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। एसडी संजय का जन्म एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता शिक्षक थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सर गनेश दत्त पाटलिपुत्र हाई स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा वाणिज्य महाविद्यालय से स्नातक (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की। संवैधानिक कानून, जनहित याचिकाओं, सिविल और आपराधिक मामलों में उन्होंने अपनी विशेष पहचान बनाई और शीघ्र ही राज्य के प्रमुख अधिवक्ताओं में शामिल हो गए।

अपने कानूनी करियर के दौरान एसडी संजय ने उच्चतम न्यायालय, पटना उच्च न्यायालय सहित देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में भारत सरकार का प्रभावी पक्ष रखा। वर्ष 2010 में उन्हें बिहार का अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। इस पद पर उन्होंने वर्ष 2014 तक सेवाएं दीं और कई महत्वपूर्ण मामलों में राज्य सरकार का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने उन्हें भारत सरकार का अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया। उनकी विधिक दक्षता और संवैधानिक मामलों में गहरी समझ को देखते हुए केंद्र सरकार ने 11 सितंबर 2024 को उन्हें पुनः तीन वर्षों के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पद पर नियुक्त किया था।

# प्रदूषित हो रही गंगा, डॉल्फिन के अस्तित्व पर संकट



**भागलपुर, 18 जून (तरुणमित्र)।** विलुप्तप्राय राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन के संरक्षण को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि डॉल्फिन के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बिहार में पांच अक्टूबर को डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय जलीय जीव को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के किनारे भारत का पहला राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र (एनडीआरसी) स्थापित किया गया है, जहां गंगा डॉल्फिन के व्यवहार और संरक्षण पर शोध किया जाता है।

भागलपुर जिले में सुल्तानगंज से लेकर कहलगांव के बीच गंगा नदी का करीब 60 किलोमीटर लंबा क्षेत्र विक्रमशिला गांगेय डॉल्फिन अभ्यारण्य बनाया गया है। यहां अवैध शिकार और मछली पकड़ने वाले जालों पर कड़ी नजर रखी जाती है। केंद्र सरकार भी प्रोजेक्ट डॉल्फिन नामक परियोजना के तहत बिहार को केंद्र में रखकर इसकी आबादी बढ़ाने तथा उनके आवास परिक्षेत्र को सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त बनाने पर काम कर रही है।

इसके अलावा बिहार सरकार वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से इनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए स्थानीय मछुआरों को जागरूक कर रही है। केंद्र की नमामि गंगे योजना के तहत गंगा नदी में प्रदूषण कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि, जैव विविधता कायम रहे और जलीय जीवों की आबादी बढ़ती रहे। गंगा प्रहरी और डॉल्फिन मित्र भी इस अभियान में शामिल है। वर्ल्ड बैंक और राज्य के वन विभागों की मदद से स्थानीय मछुआरों और युवकों को प्रशिक्षित कर डॉल्फिन मित्र बनाया गया है, ताकि संकट में फंसी गंगा डॉल्फिन को समय रहते मदद मिल सके और लोगों के बीच इसके संरक्षण को लेकर जागरुकता फैल सके। पर्यावरण विद दीपक कुमार उर्फ झुन्नू बताते हैं कि सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास एक हद तक कारगर रहे हैं, तभी तो इनकी संख्या लगभग स्थिर है और अवैध शिकार में भी कमी आई है। मूल बात यह कि हम गंगा डॉल्फिन या अन्य जलीय जीवों को तभी बचा सकेंगे, जब हम गंगा को बचाएंगे। इसके साथ ही गंगा नदी डॉल्फिन प्लेटफॉर्म के सभी हितधारकों को पूरे समन्वय के साथ मिलकर काम करना होगा।

गांगेय डॉल्फिन के संरक्षण और भागलपुर स्थित डॉल्फिन अभयारण्य के विकास को लेकर प्रशासनिक सुस्ती और फंड के इस्तेमाल पर अब सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि डॉल्फिन अभयारण्य के एनओसी के नाम पर क्लीयरेंस फंड में करोड़ों की राशि जमा है, लेकिन विकास कार्य फाइलों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। नियम के अनुसार इस राशि का उपयोग डॉल्फिन अभयारण्य के विकास और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए होना चाहिए था, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि गंगा नदी डॉल्फिन मछलियों से भरपूर और अशांत गहरे जल में पनपती है और कम तेज धारा वाले क्षेत्र में निवास करती है। 2009 में इसे राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। इसका शिकार प्रतिबंधित है।

# विश्व योग दिवस को लेकर प्रचार रथ रवाना

**भागलपुर, 18 जून (तरुणमित्र)।** विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योग शिविर के प्रचार-प्रसार एवं जनसंपर्क को गति देने के लिए विशेष प्रचार रथ का शुभारंभ गुरुवार को ध्वज दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर शिविर के संयोजक मनीष दास, निरंजन शाह, योगी राजीव मिश्रा (वशिष्ठ योग जिला प्रमुख, भागलपुर), अजीत गुप्ता, दीपक कुमार, अमरदीप साह, समीर सिंह सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे। वहीं सैंडिस कंपाउंड मैदान में भी जनसंपर्क अभियान को निरंतर गति प्रदान की गई। संयोजक मनीष दास के नेतृत्व में कई योग साधक एवं साधिकाओं ने लोगों से संपर्क कर 21 जून को प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया। मनीष दास ने कहा कि आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में मानसिक और शारीरिक स्थिरता अत्यंत आवश्यक है।

योग, आसन एवं प्राणायाम के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को स्वस्थ, संतुलित एवं आनंदमय बना सकता है। उन्होंने कहा कि इस विशेष योग शिविर में योग गुरु धीरज वशिष्ठ के मार्गदर्शन में योग को सहज एवं सरल तरीके से सिखाया जाएगा, जिसका लाभ सभी नागरिकों को अवश्य उठाना चाहिए। उन्होंने सभी योग प्रेमियों एवं आमजन से अपील किया कि वे 21 जून को सैंडिस कंपाउंड मैदान में आयोजित इस योग महोत्सव में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य एवं जीवन को नई दिशा प्रदान करें। संस्था की ओर से अमरदीप शाह को कार्यक्रम के निमित्त मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

शुक्रवार, 19 जून 2026

विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, पंचमी

## अमेरिका-ईरान : जंग खत्म

मध्य पूर्व के युद्ध-ग्रस्त परिदृश्य में एक सकारात्मक मोड़ आया है। अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हस्ताक्षरित मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) न केवल लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि वैश्विक स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय शांति के लिए एक नई आशा भी जगाता है। वर्साय के पैलेस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित यह 14-पॉइंट समझौता, पाकिस्तान और अन्य मध्यस्थों की भूमिका के साथ, 100 दिनों से अधिक चले युद्ध का अंत करता है। यह डील स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलती है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। यह समझौता पूर्ण शांति संधि नहीं है, बल्कि 60 दिनों का सीजफायर है, जिसमें आगे परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में छूट और आर्थिक सहायता पर बातचीत होगी। ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है, जबकि अमेरिका ने तेल निर्यात और फ्रोजन एसेट्स की कुछ राहत देने का रास्ता खोला है। इस डील से मध्य पूर्व में तनाव कम होगा, लेबनान समेत अन्य मोर्चों पर शांति स्थापित होगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी। तेल की कीमतें पहले ही गिर रही हैं, जो उपभोक्ता देशों के लिए अच्छी खबर है। अमेरिका-ईरान संबंध दशकों से शत्रुतापूर्ण रहे हैं। 1979 की क्रांति, परमाणु समझौते का टूटना, और हालिया प्रत्यक्ष टकराव। ट्रंप प्रशासन की 'मैक्सिमम प्रेशर' नीति और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियां (प्रॉक्सी ग्रुप्स के जरिए) ने युद्ध को निमंत्रण दिया। इस डील में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मध्यस्थता उल्लेखनीय है, जो दर्शाता है कि दक्षिण एशिया भी क्षेत्रीय शांति में भूमिका निभा सकता है। स्विट्जरलैंड में औपचारिक हस्ताक्षर (19 जून) इस प्रक्रिया को और मजबूती देंगे। यह डील सिर्फ युद्धविराम नहीं, बल्कि कूटनीति की जीत है। दोनों पक्षों ने समझौता किया कि आगे की बातचीत से स्थायी शांति संभव है। ईरान को आर्थिक लाभ (तेल बिक्री, फंड) मिलेंगे, तो अमेरिका को परमाणु प्रसार की चिंता कम होगी। इजराइल जैसे सहयोगी देशों की कुछ आशंकाएं बनी रहेंगी, लेकिन समग्र रूप से यह डील स्थिरता लाएगी। भारत के लिए अवसर और सबकः भारत, जो ईरान से तेल आयात करता रहा है और चाबहार पोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है, इस शांति से सीधे लाभान्वित होगा। ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, क्षेत्रीय अस्थिरता कम होगी और 'एक्ट ईस्ट' नीति को नई गति मिल सकती है। भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है–यह डील उस दृष्टिकोण की पुष्टि करती है। हालांकि, चुनौतियां बाकी हैं। 60 दिनों में विश्वसनीय सत्यापन तंत्र, ईरान के यूरेनियम संवर्धन पर नियंत्रण और क्षेत्रीय प्रॉक्सी युद्धों का अंत जरूरी है। विश्वास की कमी और घरेलू राजनीति दोनों पक्षों में बाधा बन सकती है। इजराइल-हिजबुल्लाह जैसे मुद्दे भी जटिल हैं। यह ऐतिहासिक डील दर्शाती है कि सबसे कठिन विरोधियों के बीच भी संवाद संभव है। ट्रंप की 'डील मेकर' छवि और ईरान की व्यावहारिकता ने इसे संभव बनाया। जंग का अंत हमेशा विजय नहीं होता, लेकिन शांति की शुरूआत अवश्य होती है। अब दोनों देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस अवसर को स्थायी शांति में बदलना होगा। मध्य पूर्व में नई सुबह की आशा जगाने वाली यह डील वैश्विक कूटनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगी, बशर्ते कि इसे निभाया जाए।

## बदलते समय के साथ माता-पिता और पुत्र के रिश्ते में आती खटास



संतराम पाण्डेय

**अक्सर समाज में देखने को मिलता है कि अमुक परिवार में मां-बेटे या पिता-पुत्र में लड़ाई हो गई। अक्सर घरों में कलह सुनने व देखने को मिलती है। कहीं-कहीं तो हालात डरावने हो जाते हैं और संतानें वृद्ध माता-पिता पर हाथ तक उठा देते हैं या उनको घर छोड़ने को विवश कर देते हैं। पहले ऐसा नहीं था।**

परिवारों में वृद्ध माता-पिता को पूरा सम्मान दिया जाता था और उनकी बात को मानना संतान आवश्यक समझता था। सवाल है कि क्या स्नेह और सम्मान की बुनियाद पर टिके इस रिश्ते में अचानक क्षरण हो गया? क्या इन रिश्तों में आई खटास के लिए केवल संतान ही जिम्मेदार है या जीवन की अंतिम बेला में पहुंच चुके माता-पिता जिम्मेदार हैं। आज इस विषय पर दोनों पीढ़ियों को मंथन करने की जरूरत है।

मानव समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई परिवार है और परिवार की सबसे मजबूत नींव माता-पिता तथा संतान के बीच का संबंध होता है। यह रिश्ता केवल रक्त का नहीं, बल्कि संस्कारों, अनुभवों, त्याग और विश्वास का भी होता है। पहले संयुक्त परिवार हुआ करते थे जिसमें सबकी जरूरतें सामूहिक रूप से पूरी की जाती थी। हर किसी की जरूरत के लिए हर कोई जिम्मेदार होता था या परिवार का हर उसे अपनी जिम्मेदारी मानता था। वक्त बदला, तकनीक बदली, प्राथमिकताएं बदलीं, जरूरतें बदलीं तो परिवार का ढांचा भी बदल गया। अब संयुक्त परिवार का स्थान एकल परिवार ने ले लिया है। जहां अपनी समस्याएं-अपनी जिम्मेदारी का सिद्धांत लागू हो गया है।

वक्त के साथ समाज बदलता है, जीवन-शैली बदलती है और विचार बदलते हैं। इसी परिवर्तन का प्रभाव परिवारों पर भी पड़ा है। विशेष रूप से माता-पिता और पुत्र के संबंधों में जो आत्मीयता, सम्मान और अनुशासन पहले दिखाई देता था, वह आज नहीं रह गया है। आज का पुत्र अधिक शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर अवश्य हुआ है, लेकिन कई बार इसी आत्मविश्वास के साथ एक ऐसा अहंकार भी जुड़ जाता है, जो माता-पिता के अनुभव और सलाह को महत्वहीन समझने लगता है। एक वक्त था जब परिवारों में माता-पिता की बात अंतिम निर्णय मानी जाती थी। पुत्र यह नहीं सोचता था कि पिता की बात में कितनी कमियाँ हैं या माँ की सलाह कितनी पुरानी है। परिवार में अनुशासन था, मयार्दा थी और बड़ों के प्रति आदर की भावना थी। यदि पिता कोई निर्देश देते थे, तो उसे आदेश की तरह स्वीकार किया जाता था। पुत्र के मन में यह विश्वास रहता था कि जिन लोगों ने उसे चलना, बोलना और जीवन जीना सिखाया है, वे उसका अहित नहीं सोच सकते। यह आवश्यक नहीं कि उस समय माता-पिता हर विषय में शत-प्रतिशत सही ही होते थे। उनसे भी गलतियाँ होती थीं, लेकिन तब परिवार का आधार तर्क-वितर्क नहीं, बल्कि विश्वास होता था। पुत्र अपने माता-पिता के अनुभव को पुस्तकीय ज्ञान से अधिक महत्व देता था। यही कारण था कि परिवारों में मतभेद तो होते थे, पर मनभेद कम होते थे।

आज का समय भिन्न है। विज्ञान और तकनीक ने दुनिया को बदल दिया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने सूचनाओं का असीम भंडार युवाओं के सामने खोल दिया है। आज का युवक कुछ ही क्षणों में वह जानकारी प्राप्त कर सकता है, जिसके लिए पहले लोगों को वर्षों का अनुभव अर्जित करना पड़ता था। परिणामस्वरूप नई पीढ़ी को लगता है कि वह जीवन के हर प्रश्न का उत्तर जानती है। आज किसी समस्या का समाधान माता-पिता के पास नहीं गूगल के पास होता है। यहीं से समस्या शुरू होती है। जब माता-पिता किसी विषय पर सलाह देते हैं, तो अनेक पुत्र उनकी बात सुनने के बजाय उसमें कमियाँ ढूँढ़ने लगते हैं। वे कहते हैं–'आप पुराने जमाने की बातें करते हैं', 'आज का समय अलग है', 'आपको वर्तमान परिस्थितियों की समझ नहीं है' या फिर सबसे आम वाक्य–'आप रहने ही दीजिए, हम अपना भला-बुरा समझते हैं।' यह वाक्य सुनने में सामान्य लगता है, लेकिन इसके पीछे एक गहरी मानसिकता छिपी होती है। इसका अर्थ होता है कि अब अनुभव की तुलना में जानकारी को अधिक महत्व दिया जा रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि जानकारी और अनुभव दोनों अलग-अलग चीजें हैं। इंटरनेट आपको बता सकता है कि रास्ता कहाँ है, लेकिन उस रास्ते के गड्ढों का अनुभव केवल वह व्यक्ति बता सकता है, जो उस मार्ग पर चल चुका हो।

विडंबना यह है कि जिस पुत्र को बचपन में जूते के फीते बाँधने तक में माता-पिता की सहायता की आवश्यकता होती थी, वही बड़ा होकर जीवन के सबसे कठिन निर्णयों में भी उनकी सलाह को अनावश्यक समझने लगता है। उसे लगता है कि डिग्री, नौकरी और आधुनिक ज्ञान ने उसे इतना सक्षम बना दिया है कि अब उसे किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है लेकिन जीवन केवल किताबों और मोबाइल स्क्रीन से नहीं चलता; वह अनुभवों, संघर्षों और समय की कसौटी पर खरे उतरे निर्णयों से भी संचालित होता है। इस परिवर्तन के पीछे केवल नई पीढ़ी को दोष देना भी उचित नहीं होगा।

बदलती जीवन-शैली, संयुक्त परिवारों का टूटना, व्यस्तता, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और पीढ़ियों के बीच बढ़ता संवादहीनता का अंतर भी इसके लिए जिम्मेदार है। पहले परिवार के सदस्य साथ बैठते थे, बातचीत करते थे और एक-दूसरे के अनुभव साझा करते थे। आज एक ही घर में रहने वाले लोग भी अपने-अपने मोबाइल की दुनिया में व्यस्त हैं। भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है।

कई बार माता-पिता भी नई पीढ़ी को समझने में असफल रहते हैं। वे हर नई बात को गलत और हर पुराने तरीके को श्रेष्ठ मान लेते हैं। इससे टकराव बढ़ता है। इसलिए समाधान केवल यह नहीं है कि पुत्र माता-पिता की हर बात आँख मूँदकर मान ले, बल्कि यह है कि दोनों पीढ़ियाँ एक-दूसरे को समझने का प्रयास करें।

पुत्र को यह स्मरण रखना चाहिए कि उसके माता-पिता का अनुभव उसकी सबसे बड़ी पूँजी है। जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा संघर्षों में बिताया है, उनकी सलाह को केवल इसलिए नकार देना कि वे आधुनिक तकनीक नहीं जानते, बुद्धिमानी नहीं है। वहीं माता-पिता को भी यह स्वीकार करना चाहिए कि समय बदल चुका है और नई पीढ़ी की चुनौतियाँ अलग हैं।

रिश्तों की मजबूती आदेश और विद्रोह से नहीं, बल्कि सम्मान और संवाद से बनती है। यदि पुत्र माता-पिता की बात ध्यान से सुने और माता-पिता भी उसकी भावनाओं को समझें, तो पीढ़ियों के बीच का अंतर कम हो सकता है। माता-पिता और पुत्र का संबंध कोई कानूनी अनुबंध नहीं, बल्कि भावनाओं का बंधन है। जिस दिन पुत्र यह समझ लेगा कि उसके माता-पिता की सलाह के पीछे अधिकार नहीं, बल्कि प्रेम और चिंता छिपी है, और जिस दिन माता-पिता यह समझ लेंगे कि नई पीढ़ी को मार्गदर्शन के साथ स्वतंत्रता भी चाहिए, उसी दिन यह रिश्ता फिर से अपनी पुरानी गरिमा प्राप्त कर सकेगा।

अक्सर पुत्र की शादी होने के बाद उसकी माता-पिता से दूरी बढ़ने लगती हैं। इसमें भी दोनों पीढ़ियों को समझदारी से आगे बढ़ना चाहिए। समय तो एक दिन में 24 घंटे का ही है। अब उसी में से घर में आई नई सदस्य को भी वक्त देना पड़ता है। इसे माता-पिता को स्वयं से दूरी के रूप में लेने की बजाए, इसे पुत्र की जरूरत समझकर व्यवहार किया जाए तो दूरी की भावना आएगी ही नहीं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## राशन के इंतजार में ठंडे होते चूल्हे



निशा कुमारी

भारत में खाद्य सुरक्षा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब परिवारों के लिए जीवन रेखा है। विशेष रूप से बिहार जैसे राज्यों के ग्रामीण इलाकों में, जहां बड़ी आबादी आज भी दिहाड़ी मजदूरी, कृषि कार्य और असंगठित रोजगार पर निर्भर है, वहां सरकारी राशन की दुकान से मिलने वाला अनाज परिवार के मासिक भोजन की बुनियाद बनता है। जब यही राशन समय पर नहीं मिलता, तो इसका असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को प्रभावित करता है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड स्थित नरौली गांव की स्थिति इस समस्या को बेहद स्पष्ट रूप से सामने लाती है। लगभग 250 से अधिक घरों वाले इस गांव में अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी अधिक है। आर्थिक रूप से पिछड़े इस गांव के अधिकांश परिवार दिहाड़ी मजदूरी, खेतिहर काम या छोटे-मोटे स्वरोजगार पर निर्भर हैं। यहां कई परिवार ऐसे हैं जिनकी आय इतनी सीमित है कि महीने का राशन खरीदने के लिए बाजार पर निर्भर रहना उनके लिए संभव नहीं है। सरकारी राशन की दुकान से मिलने वाला अनाज ही उनके घर का चूल्हा जलाता है। लेकिन जब किसी कारणवश राशन वितरण में देरी हो जाती है या एक-दो महीने तक नियमित आपूर्ति नहीं होती, तो परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो जाता है। नरौली गांव की महिलाओं का कहना है कि राशन नहीं मिलने पर उन्हें स्थानीय दुकानदारों से उधार पर अनाज लेना पड़ता है। कई बार दुकानदार भी लंबे समय तक उधार देने से मना कर देते हैं।

ऐसे में परिवारों को भोजन की मात्रा कम करनी पड़ती है। बच्चों के हिस्से का दूध, फल और अन्य पोषक खाद्य पदार्थ सबसे पहले भोजन की थाली से गायब हो जाते हैं। गरीब परिवारों के लिए राशन की देरी केवल भूख का प्रश्न नहीं बल्कि पोषण, स्वास्थ्य और सम्मान का भी प्रश्न बन जाती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है, जबकि अंत्योदय अन्न योजना के तहत परिवारों को प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न मिलता है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत यह खाद्यान्न वर्तमान में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहार में कई स्थानों पर प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल वितरण की व्यवस्था लागू है। केंद्र सरकार के अनुसार देशभर में लगभग 81.35 करोड़ लोगों का नाम राशन कार्ड में दर्ज है। जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा व्यवस्था के तहत राशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार ने हजारों करोड़ रुपये की नई योजना को भी मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राशन वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। बिहार देश के उन राज्यों में शामिल है जहां खाद्य सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या सबसे अधिक है। विभिन्न सरकारी आंकड़ों के अनुसार राज्य में लगभग 8.7 करोड़ से अधिक लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन प्राप्त करते हैं। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों के सत्यापन अभियान के दौरान 5.5 लाख से अधिक अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटाए गए थे, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि राज्य में राशन प्रणाली का दायरा कितना व्यापक है। ग्रामीण बिहार में राशन वितरण की अनियमितता के कई कारण सामने आते हैं। कभी खाद्यान्न की समय पर ढुलाई नहीं हो पाती, कभी तकनीकी समस्याओं के कारण ई-पॉस मशीनें काम नहीं करतीं, तो कभी प्रशासनिक स्तर पर देरी होती है। देश के विभिन्न हिस्सों से हाल के महीनों में ऐसी खबरें सामने आई हैं जिनमें सर्वर की खराबी, बायोमेट्रिक सत्यापन की समस्याएं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण लाभार्थियों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा या कई दिनों तक राशन नहीं मिल सका। नरौली जैसे गांवों में समस्या इसलिए और गंभीर हो जाती है क्योंकि अधिकांश परिवारों के पास बचत नहीं होती। यदि किसी मजदूर को लगातार कुछ दिनों तक काम नहीं मिलता और उसी दौरान राशन वितरण भी बाधित हो जाए, तो परिवार दोहरे संकट में फंस जाता है। कई परिवारों को ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है। कुछ लोग मजदूरी की तलाश में दूसरे क्षेत्रों की ओर पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं। सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है, क्योंकि वे अक्सर भोजन की कमी का बोझ सबसे पहले झेलते हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### अब मरहम पट्टी की बारी !



कृष्णेन्द्र राय

त्राहिमाम है दुनिया में ।
मुझको बुलाया ।।
मैं मस्ताना ट्रंप देखो ।
दौड़ा चला आया ।।

होर्मुज और तेल संकट ने ।
मुझको बुलाया ।।
मैं मस्ताना ट्रंप ।
दौड़ा चला आया ।।

किया तबाह दुनिया को मैंने ।
अब मरहम पट्टी की बारी ।।

अब दुनिया को चिठ्ठी आई ।
चिठ्ठी आई ।।
मैंने अब ये सबको भिजवाया ।
मैं मस्ताना ट्रंप वापस आया ।।

### सूडोकु नवताल- 7830

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -7829 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## छपरियों के फास में आधुनिक युवतियां



डॉ. उदय राज मिश्र

आज के आधुनिक, डिजिटल और सूचना संपन्न युग में जहाँ एक ओर शिक्षा,आत्मनिर्भरता और स्त्री-सशक्तिकरण के नए द्वार खुले हैं तथा बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया के आभासी संसार ने रिश्तों की सच्चाई पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। जिससे आजकल की पढ़ीलिखी और नौकरीशुदा युवतियां भी ऐसे ऐसे कांड करवा रही हैं या फिर स्वयं शिकार हो रही हैं, यह एक चिंता का विषय है। वर्तमान में 'छपरी लड़कों का आकर्षण', जो पढ़ी-लिखी, आत्मनिर्भर और उन्नत सोच की युवतियों को भी अपने जाल में फंसा रहा है एक ज्वलंत सामाजिक और धार्मिक कुकृत्य बनकर उभर रहा है,जिसने समाज के तानेबाने को न केवल मर्माहत अपितु कलंकित भी किया है और कि यह कार्य बदस्तूर जारी भी है। अतः सभ्य समाज सहित आधुनिकता की आग में जलती हुई युवतियों को इसपर खुले दिल और दिमाग से चिंतन करना अपरिहार्य सा है।

यह विडंबना है कि जिन युवतियों से समाज अपेक्षा करता है कि वे विवेकशील, जागरूक और आत्मनिर्णयी हों, वे भी इन सतही दिखावेबाजों के मोहपाश में बँध जाती हैं। यह न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक चेतना के लिए भी गंभीर चुनौती है। साहिल - मुस्कान और सोनम रघुवंशी - राजा रघुवंशी आदि ऐसे उदाहरण हैं जो यह बताने के लिए काफी हैं कि पढ़ीलिखी आत्मनिर्भर युवतियों में विवाह की अहमियत कमतर होने से केवल भोगविलास और लैंगिक संबंधों को ही तरजीह दी जा रही है। जिससे छपरियों के फांस में लड़कियों के करियर तो तबाह और बर्बाद हो ही रहे हैं, समाज का गला भी फंसता जा रहा है। वस्तुतः 'छपरी' एक उर्दू-हिंदी मिश्रित शब्द है, जो आज के परिप्रेक्ष्य में उन युवकों के लिए प्रयोग होता है जो असली उपलब्धियों के बिना सिर्फ दिखावे, नकली स्टाइल, और 'स्वैग' की नकली चमक के बल पर लड़कियों को आकर्षित करने का प्रयास करते हैं।

रंगीन स्टाइलिश बाल, मोटी चेन, फैंसी बाइक या उसका स्टंट, इंस्टाग्राम रील्स में दिखने वाला नकली 'रॉयल एटीट्यूड', भावनात्मक ड्रामे और तेरे बिन मर जाँवा जैसे संवाद इनकी मुख्य विशेषताएं होती हैं। इनका असलियत से दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं होता है। वास्तविक जीवन में ये अत्यंत घटिया जीवनस्तर जीते हैं तथा नशे में बुत भी रहते हैं। साहिल - मुस्कान कांड इसका जीता जागता उदाहरण है।

इंदौर की सोनम रघुवंशी का अपने पति की हत्या करवाना भी इसी तरह का अति गंभीर उदाहरण है। विचारणीय प्रश्न तो यह है कि पढ़ी-लिखी युवतियां, जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं,जो विभिन्न पदों पर नियुक्त भी होती हैं, जिनके पास तर्क, विश्लेषण और निर्णय की क्षमता होनी चाहिए – आखिर वे इन छपरी लड़कों के जाल में क्यों फंस जाती हैं? गहराई से विश्लेषण करने पर मालूम होता है कि पढ़ीलिखी आधुनिक युवतियों को छपरियों में अपने पतियों की तुलना में अधिक प्यार दिखता है।जिससे भावनात्मक रिक्तता और सहानुभूति की लालसा जागृत होकर उन्हें उनकी ओर सहज ही आकर्षित करती है। अनेक लड़कियां पढ़ाई और करियर की दौड़ में भावनात्मक तौर पर अकेली पड़ जाती हैं। ऐसे में कोई भी जो ध्यान दे, तारीफ करे, और 'स्पेशल फील' कराए – वह उन्हें आकर्षित करने लगता है। छपरी लड़के इसी मनोविज्ञान का फायदा उठाते हैं। इसके अतिरिक्त फिल्मी प्रेम और रील लाइफ की गहराई का भ्रम उन्हें रीयल लाइफ से दूर ले जाता है। आधुनिक युवतियों को बनावटी चेहरे ज्यादा पसंद आते हैं और छपरी लोग इस कला में महारत हासिल किए होते हैं। देखा जाय तो युवतियां, विशेषकर कॉलेज स्तर की, आजकल सोशल मीडिया के रील्स, वेब सीरीज और फिल्मों के नकली प्रेम में वास्तविकता खोजने लगती हैं। 'बदमाश लड़का, लेकिन मेरे लिए बदल जाएगा' जैसी भावना उन्हें फँसाती है और वे छपरियों पर लट्टू हो जाती हैं। उन्हें लगने लगता है कि इन छपरियों से ही उन्हें दुनियां का वास्तविक प्रेम मिल सकता है। जिससे अपने पतियों को ही वे अपने मार्ग का रोड़ा समझ बैठती हैं तथा उन्हें ठिकाने तक लगाने का उपाय ढूंढने लगती हैं,जैसे कि सोनम रघुवंशी ने राज जैसे छपरी के लिए अपने राजा का हश्र किया। किशोरावस्था में लड़कियों में वीर पूजा की भावना मनोवैज्ञानिक रूप से पाई जाती है। फिल्मों में भी 'आशिक', 'फाइटर', 'प्रोटेक्टिव बॉय' जैसी छवियों को समाज रोमांटिक आदर्श मानता है। पढ़ी-लिखी लड़कियां भी कहीं-न-कहीं इन्हीं मिथकों में पलती हैं और एक रफ एंड टफ लड़के में 'हीरो' ढूंढने लगती हैं। इसके अलावा स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की कृत्रिम नजदीकी, जिसमें की कोविड के बाद आशा के विपरीत वृद्धि देखी गई है, होनी आम बात हो गई है तथा इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स ने किसी को जानने-पहचानने का समय ही नहीं छोड़ा।

2 दिन की चैटिंग, 4 कॉल और 1 आई लव यू तथा आई मिस यू– और रिश्ता बन जाता है। छपरी लड़के इस तेजी का लाभ उठाते हैं। प्रायः साथिनियों का प्रभाव और 'ट्रेंडिंग रिलेशनशिप' का दबाव भी सहेलियों को छपरियों से दोस्ती करने हेतु बाध्य करता है। आजकल युवतियां घरों से बाहर निकल कर पढ़ाई, नौकरी, अनुसंधान आदि सबकुछ कर रही हैं। ऐसे में यदि उनकी कोई सहेली अपने पुरुष मित्र के साथ पार्क जाती है, पिकनिक मनाती है,ऐश करती है तो अन्य सहेलियों पर भी ऐसा करने का मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। आखिर खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता ही है। यही कारण है कि वास्तविकता और हकीकत से अंजान लड़कियां छपरियों के चक्कर में फंस जाती हैं और जब उन्हें अपने किए का पछतावा होने का एहसास होता है तबतक बहुत देर हो चुकी होती है। कई बार सहेलियों के कहने या अपने समूह में अकेली न रहने के दबाव में लड़कियां जल्दबाजी में ऐसे संबंध बना लेती हैं। 'लव स्टोरी होनी चाहिए' की मानसिकता उन्हें विवेकहीन बना देती है। कुछ युवतियां यह सोचकर गलत पुरुषों को अवसर दे देती हैं कि 'हमें भी ट्राई करने का हक है'। परंतु समानता और मूर्खता में महीन रेखा होती है, जो यदि न पहचानी जाए, तो नुकसान तय है। छपरियों के फांस में फंसने का परिणाम केवल धोखा नहीं, सामाजिक और मानसिक संकट,भावनात्मक टूटन, धोखा मिलने पर युवतियां आत्मग्लानि, अवसाद और अविश्वास से घिर जाती हैं। जिससे ध्यान भटकने से पढ़ाई और कैरियर पर असर पड़ता है और कि वासना की आग उन्हें कातिल तक बना देती है। कई बार फोटो/वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल किया जाता है। झूठ बोलने, छिपाने के कारण परिवार से संबंध बिगड़ते हैं और सामाजिक तिरस्कार का दंश भी झेलना पड़ता है। पढ़ीलिखी आधुनिक युवतियों को यह समझना चाहिए कि वे केवल किसी के 'प्रेम' से नहीं, बल्कि अपने आत्मबल से सुंदर बनती हैं। यदि वे आत्मचिंतन करके उचित और अनुचित में विभेद करने की शक्ति अपने में विकसित करें तो किसी छपरी की चाल सफल नहीं हो पाएगी। इसके अलावा माता-पिता यदि मित्रवत व्यवहार रखें तो बेटियाँ हर बात साझा करेंगी, और फँसने से बच सकेंगी। इस दिशा में माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कतिपय मामलों में माताएं सबकुछ जानती हुई भी पिता से कुछ भी शेयर नहीं करती हैं। जिससे एक दिन समस्या विकराल रूप धारण करके बेकाबू हो जाती है। जिससे कई परिवार तहस नहस हो जाते हैं। लड़कियों को जागरूक करने के लिए कॉलेज स्तर पर 'रिलेशनशिप मैनेजमेंट', 'साइबर फ्रॉड', और 'भावनात्मक बुद्धिमत्ता' जैसे विषयों पर भी नियमित कार्यशाला अनिवार्य होनी चाहिए तथा सेंसर बोर्ड को फिल्मों और मीडिया में ऐसी महिलाओं को दिखाने की अनुमति देनी चाहिए जो आत्मनिर्भर, स्पष्ट और विवेकशील हैं – न कि प्रेम में पागल और अर्धनग्न।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृष-** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन-** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क-** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।

**सिंह-** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कन्या-** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला-** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक-** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**धनु-** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।

**मकर-** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कुम्भ-** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। कार्य सफल होंगे।

**मीन-** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# मोतिहारी में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित

### 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लिया गया संकल्प

**मोतिहारी पु.च., 18 जून (तरुणमित्र)।** महात्मा गांधी ऑडिटोरियम में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने की, जबकि संचालन उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने किया। सम्मेलन में सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह तथा बिहार सरकार की खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और वंदेमातरम के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत



किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग और आम लोग उपस्थित रहे।सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद राधा मोहन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, किसान और गरीब कल्याण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत विश्व स्तर पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने रेलवे आधुनिकीकरण, वंदे भारत ट्रेनों, स्टेशन पुनर्विकास, डिजिटल भुगतान, यूपीआई और ई-गवर्नेंस को देश की प्रगति के प्रमुख आधार बताया।मुख्य अतिथि श्रेयसी सिंह ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने शिक्षा, खेल और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि बिहार के युवा देश के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में दो एकलव्य विद्यालय खोले जाएंगे, जहां बच्चों को आवास, शिक्षा और भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी।उन्होंने कहा कि 30 करोड़ रुपये की लागत से एमएस कॉलेज में आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है और आने वाले समय में क्षेत्र से बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकलेंगे। उद्योग क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 30 दिनों के भीतर लाइसेंस उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

सम्मेलन में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, मछुआरा आयोग अध्यक्ष ललन सहनी, विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, विधायक श्यामबाबू यादव समेत कई जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

# प्रखण्ड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर कोटवा का निरीक्षण किया गया

**मोतिहारी , 18 जून (तरुणमित्र)।** अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्री निशांत सिहारा के द्वारा गुरूवार को पूर्वाह्न 11:05 बजे प्रखण्ड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर, कोटवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रखण्ड स्तर के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित पाए गए।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के पत्र के आलोक में सभी विभागों / योजनाओं के लिए अलग-अलग काउन्टर लगाकर आम लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र विभागीय पदाधिकारी/ कर्मियों द्वारा प्राप्त किया जा रहा था। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा बारी-बारी से सभी काउन्टरों का निरीक्षण किया गया तथा काउन्टर पर उपस्थित पदाधिकारियों/ कर्मियों से उनके विभाग



द्वारा कार्यान्वित योजनाओं एवं आम जनता से प्राप्त हो रहे समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गयी साथ हीं उन्हें जन-साधारण से अच्छा व्यवहार रखने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का त्वरित एवं निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शिविर में समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित लोगों से भी बात की गयी। लोगों से बात-चीत करने पर यह प्रतीत हुआ कि इस तरह के शिविरों के आयोजन से आम जन में सकारात्मक विचार उत्पन्न हो रहे हैं।

शिविर की व्यवस्थाएँ संतोषजनक पायी गयी। अंत में सभी पदाधिकारियों को अपराह्न 05:00 बजे तक शिविर में उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं को सुनने तथा उसका समाधान सुनिश्चित करने साथ ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कोटवा को स्वयं इसकी निगरानी करने का निदेश दिया गया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में फजीर्वाड़े की खबर भ्रामक सीसीटीवी जांच में नहीं मिला कोई साक्ष्य : एसपी

**सीवान, 18 जून (तरुणमित्र)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान संघमित्रा पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक कर्मियों द्वारा परीक्षार्थियों को नकल के पुर्जे उपलब्ध कराने संबंधी कुछ कथित न्यूज चैनलों में प्रसारित खबरों का पुलिस प्रशासन ने खंडन किया है।

पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही उनके नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम तत्काल परीक्षा केंद्र पहुंची।

वहां अभ्यर्थियों से बातचीत की गई तथा केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट से पूरे मामले की जानकारी ली गई। एसपी ने बताया कि केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने उक्त समाचार को पूरी तरह भ्रामक, निराधार एवं तथ्यहीन बताया। इसके बाद परीक्षा समाप्ति के उपरांत पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष एवं तकनीकी शाखा प्रभारी की संयुक्त टीम गठित कर परीक्षा केंद्र के सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की विस्तृत जांच में ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया, जिससे यह साबित हो सके कि बायोमेट्रिक कर्मियों द्वारा किसी परीक्षार्थी को नकल सामग्री उपलब्ध कराई गई हो।

जांच में आरोप पूरी तरह असत्य पाए गए। एसपी ने स्पष्ट किया कि कुछ कथित न्यूज चैनलों द्वारा प्रसारित खबरें पूर्णतः निराधार, भ्रामक एवं तथ्यहीन हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपुष्ट एवं भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें तथा किसी भी सूचना की पुष्टि आधिकारिक स्रोतों से करें।

### मांझी में रामघाट पर नहाने के दौरान आठ वर्षीय बालक डूबा

**सारण, 18 जून (तरुणमित्र)।** मांझी थाना क्षेत्र के रामघाट पर सुबह एक हादसा हो गया, जहां अपने परिजनों के साथ नदी में नहाने आया आठ वर्षीय बालक गहरे पानी में डूब गया। बालक की पहचान गौरी मठिया गांव निवासी सुशील गिरी के पुत्र शेरू गिरी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आगामी 25 जून को होने वाले गृह प्रवेश की पूजा के लिए जल लेने आईं महिलाओं के साथ आधा दर्जन बच्चे भी रामघाट आए थे। नहाने के दौरान शेरू गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद घाट पर चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस टीम और स्थानीय गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे।

# पूर्वी चंपारण के सभी 27 प्रखंड मुख्यालयों में जन कल्याण शिविर का हो रहा आयोजन

**मोतिहारी, 18 जून (तरुणमित्र)।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में दिनांक 16, 17 एवं 18 जून 2026 को तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर जिले के सभी 27 प्रखंड मुख्यालयों में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का सफल संचालन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में आमजन पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से




संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

शिविर में राजस्व, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, श्रम संसाधन, बाल विकास परियोजना, पंचायत राज, मनरेगा, जीविका सहित विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग सहायता काउंटर स्थापित किए गए हैं। इन काउंटरों पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा आमजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है तथा उनसे संबंधित आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को राहत भी प्रदान की गई है। शिविर के दौरान राशन कार्ड में सुधार एवं नए आवेदन, आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, श्रमिक पंजीकरण, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई की जा रही है। अधिकारियों द्वारा आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उसका शीघ्र निष्पादन किया जा रहा है/आश्वासन दिया जा रहा है।

# शपथ ग्रहण के साथ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के सप्ताह का शुभारंभ



**मोतिहारी, 18 जून (तरुणमित्र)।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिले में आज सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ **नशा मुक्त भारत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य संस्थानों में अधिकारियों, कर्मियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि नशा मुक्त भारत सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इसके अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता सत्र, रैली, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद कार्यक्रम तथा समुदाय आधारित गतिविधियों के माध्यम से लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नशे की समस्या केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका प्रभाव पूरे परिवार एवं समाज पर पड़ता है।

युवाओं को नशे से दूर रखकर ही एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से नशा मुक्त भारत अभियान के माध्यम से जन-जागरूकता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नशा मुक्त भारत सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

# सुपौल में इंटर की छात्रा की संदिग्ध मौत घर में मृत मिली 17 वर्षीय अंबिका

**सुपौल, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिले के जदिया पंचायत अंतर्गत फुलकाहा वार्ड संख्या-17 में गुरुवार सुबह एक 17 वर्षीय इंटरमीडिएट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा घर के अंदर मृत अवस्था में मिली। घटना की सूचना मिलते ही जदिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सुपौल भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतका की पहचान फुलकाहा वार्ड संख्या-17 निवासी बिरेंद्र नारायण यादव की पुत्री अंबिका कुमारी के रूप में हुई है। वह इंटरमीडिएट की छात्रा थी और अपने परिवार की सबसे छोटी संतान थी। परिजनों के अनुसार घटना के समय अंबिका के पिता खेत में कृषि कार्य की तैयारी कर रहे थे, जबकि उसकी मां मूंग की तुड़ाई के लिए खेत गई थीं। घर में केवल अंबिका और उसकी बड़ी बहन मौजूद थीं। बताया जाता है कि इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों बहनों के बीच कहासुनी हुई थी। कुछ समय बाद अंबिका घर के अंदर मृत मिली, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक छात्रा की मौत हो चुकी थी। अंबिका तीन बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी। उसकी असामयिक मौत से परिवार गहरे सदमे में है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं होती रहीं, लेकिन पुलिस ने किसी भी संभावित कारण पर टिप्पणी करने से परहेज किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### योग से स्वस्थ शरीर और संतुलित जीवन संभव : डॉ. प्रमोद

**सुगौली, पू.च., 18 जून (तरुणमित्र)।** सुगौली नगर के नायका टोला स्थित परिसर में आयोजित छह दिवसीय विश्व योग दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन योगाभ्यास एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक सरवन जी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा उनके सही तरीके और लाभों की जानकारी दी। योग सत्र में डॉ. प्रमोद स्टीफेन, जयप्रकाश, कुसुम मसीह, लाड़ली खातून, रिंकू कुमारी, आयुष स्टीफेन सहित कई स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उपाय सीखे। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद स्टीफेन ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने योग के अनेक लाभों की चर्चा करते हुए लोगों से इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने योग के प्रति विशेष रुचि दिखाई और नियमित अभ्यास का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि छह दिवसीय इस योग शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। आगामी दिनों में भी विभिन्न योग सत्र एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### 11 वारंटी और 5 शराब कारोबारियों समेत 39 गिरफ्तार

**सारण, 18 जून (तरुणमित्र)।** वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धरपकड़ और शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए पिछले 24 घंटे में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल 39 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में ग्यारह वारंटी, सोलह शराब का सेवन करने वाले, पांच शराब कारोबारी, हत्या के प्रयास के दो, आईटी एक्ट के दो और चोरी के तीन अभियुक्त शामिल हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने पच्चीस लीटर अवैध शराब बारह लीटर देशी और तेरह लीटर विदेशी बरामद की। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल, दो बैटरी, दो मशीनें, दो मोबाइल, एक एडमिट कार्ड, एक सरकारी पहचान पत्र और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। साथ ही पुलिस ने दो अपहृता को भी सकुशल बरामद किया है। अपराध नियंत्रण और यातायात सुरक्षा को देखते हुए की गई वाहनों की चेकिंग में 38 वाहनों से कुल 1,26,500 रुपये का जुमार्ना वसूला गया है।

### सोनपुर में प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला में विधायक ने किया किसानों से संवाद

**सारण, 18 जून (तरुणमित्र)।** सोनपुर क्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सोनपुर विधायक विनय सिंह ने किसानो से सीधा संवाद किया। उन्होंने प्राकृतिक कृषि के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हुए इसके दूरगामी लाभों से सभी को अवगत कराया।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती के समन्वय के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का आह्वान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती लागत को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में स्थानीय किसान मौजूद थे।

### छात्र नेता ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को किया नमन

**सारण, 18 जून (तरुणमित्र)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय मोबिल कांड में जेल गए शोध छात्र संगठन के छात्र नेता विशाल सिंह राजपूत और सुनील सिंह को न्यायालय से जमानत मिल गई है। जेल से कल शाम रिहा होने के बाद आज दोनों छात्र नेता संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे। जेपीयू परिसर में कदम रखते ही कार्यकताओं ने नारों के साथ दोनों नेताओं का स्वागत किया और उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया।इसके बाद सभी कार्यकर्ता विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर विशाल सिंह राजपूत और सुनील सिंह ने कहा कि लोकनायक ने इसी धरती से संपूर्ण क्रांति का नारा देकर देश को अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया था। आज हम भी संकल्प लेते हैं कि जेपीयू में व्याप्त भ्रष्टाचार, शैक्षणिक अराजकता और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को समाप्त करके ही दम लेंगे। जेल भेजकर छात्र आंदोलन को दबाने की कोशिश प्रशासन की सबसे बड़ी भूल है। संगठन के संरक्षक उज्वल कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्ट पदाधिकारियों ने सुनियोजित साजिश के तहत नेताओं को झूठे मुकदमे में फंसाया। प्रशासन का यह भ्रम अब टूट चुका है कि आंदोलन कमजोर पड़ेगा।छात्र नेता गुलशन यादव ने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि लंबित अंकपत्र, डिग्री वितरण में देरी और परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी के खिलाफ है।

# सारण के सभी प्रखंडों में ऑनलाइन नशामुक्ति अभियान शुरू

**सारण, 18 जून (तरुणमित्र)।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत एक ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ अभियान की शुरूआत की गई है।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में किया गया। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ लेने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।जिला प्रशासन ने आमजन की सुविधा के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया है, जिसे स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सीधे ऑनलाइन जुड़कर नशामुक्ति का संकल्प ले सकता हैजिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस डिजिटल अभियान से जुड़ें।

इस पहल का उद्देश्य आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कर नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान के राष्ट्रीय संकल्प को धरातल पर साकार करना है।

# मुख्यमंत्री व रेल मंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीएम व एसएसपी ने की संयुक्त बैठक

**सारण, 18 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के छपरा में प्रस्तावित वीआईपी कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित और व्यवस्थित आयोजन को लेकर प्रशासनिक कवायद काफी तेज हो गई है। इसी सिलसिले में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस विनीत कुमार द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की



सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, सुगम यातायात संचालन, वीआईपी सुरक्षा, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की चौबीसों घंटे उपलब्धता जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। कार्यक्रम से जुड़े सभी पहलुओं का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

द्वय अधिकारियों ने सख्त लहजे में कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल स्थापित कर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी से करें। संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखने तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ताकि यातायात सुचारू रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# प्रचार-प्रसार विभाग संस्थान और समाज के बीच सशक्त सेतु : ओमप्रकाश गुप्त

**सीवान, 18 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सारण विभाग के व्यवस्था प्रमुख एवं वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश गुप्त ने गुरुवार को अपने प्रवास के दौरान सीवान स्थित महावीरपुरम परिसर में संचालित विद्या भारती बिहार के क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार केंद्र कृष्णचंद्र गांधी मीडिया सेंटर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया सेंटर की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर उसके कार्यों की सराहना की।मीडिया सेंटर पहुंचने पर प्रचार-प्रसार विभाग की ओर से गुप्त का अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर मीडिया सेंटर के समन्वयक नवीन सिंह परमार ने उन्हें विद्या भारती मीडिया सेवा के माध्यम से संचालित प्रचार-प्रसार गतिविधियों, मीडिया प्रबंधन एवं संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान श्री गुप्त ने मीडिया सेंटर में संचालित विभिन्न विभागों एवं प्रचार-प्रसार कार्यों का अवलोकन किया तथा कार्यकताओं से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसी भी संस्थान की सुदृढ़ता और प्रभावशीलता में उसके प्रचार-प्रसार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

संस्थान के विचार, कार्य और उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाने में प्रचार-प्रसार विभाग एक सशक्त सेतु का कार्य करता है।

### बीएसएस कॉलेज परिसर में मारवाड़ी महिला समिति के तत्वावधान में समर कैंप का हुआ आयोजन

**सुपौल, 18 जून (तरुणमित्र)।** मारवाड़ी महिला समिति की सुपौल शाखा की पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग से स्थानीय बीएसएस कॉलेज परिसर में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 32 गरीब बच्चियों को शामिल किया गया, जो समिति की ओर से कैंप में आयोजित खेल -कूद, शैक्षणिक प्रतिस्पार्धात्मक गतिविधियों में भाग ली। साथ -साथ योगा, डांस ,कराटे, इत्यादि विभिन्न गतिविधियों से बच्चियाँ बहुत खुश हैं।समिति की ओर से बच्चियों के खिलाने -पिलाने की उत्तम व्यवस्था की गई थी। जिला मुख्यालय सुपौल में बिना शुल्क के समर कैंप का पहली बार आयोजन होने से गरीब बच्चियों के साथ- साथ आम जन मे भी खुशी का माहौल है।

# सड़क को बना दिया था पार्किंग, नगर परिषद का बुलडोजर एक्शन, दर्जनों दोपहिया वाहन जब्त

**सीवान, 18 जून (तरुणमित्र)।** महादेवा ओपी थाना क्षेत्र के महादेवा मुहल्ला में मुख्य सड़क को कथित तौर पर पार्किंग स्थल बनाकर खड़ी की गई दोपहिया गाड़ियों पर गुरुवार को नगर परिषद का डंडा चल गया। लंबे समय से सड़क पर खड़ी वाहनों के कारण आवागमन बाधित होने और दुर्घटना की आशंका को देखते हुए नगर परिषद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई गाड़ियों को जब्त कर लिया स्थानीय लोगों की शिकायत पर जिलाधिकारी और नगर परिषद प्रशासन के निर्देश पर सिटी मैनेजर बालेश्वर राय तथा अतिक्रमण प्रभारी अक्षत रौशन के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

नगर परिषद की टीम ने सड़क पर कब्जा जमाए खड़ी गाड़ियों को हटाने के साथ-साथ संबंधित एजेंसी और भवन के दस्तावेजों की भी जांच की। जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि सार्वजनिक सड़क के एक हिस्से का इस्तेमाल वाहन पार्किंग के रूप में किया जा रहा था। इससे न केवल आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी, बल्कि अक्सर जाम और हादसों का खतरा भी बना रहता था। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई महीनों से सड़क पर दोपहिया वाहनों का जमावड़ा लगा रहता था, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सिटी मैनेजर बालेश्वर राय ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण और सड़क पर वाहन खड़ा करने के मामले में जुमार्ना जमा कराने को कहा गया था, लेकिन संबंधित कंपनी की ओर से निर्धारित राशि जमा नहीं की गई।

इसके बाद नगर परिषद ने जब्ती की कार्रवाई करते हुए गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिया।नगर परिषद के ट्रैक्टर से जब्त वाहनों को परिषद परिसर पहुंचाया गया। कार्रवाई की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और प्रशासनिक कार्रवाई का समर्थन किया। लोगों का कहना था कि लंबे समय से सड़क पर कब्जे के कारण आम जनता परेशान थी, लेकिन अब प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है।

# मोहर्रम पर्व को ले एसडीएम, एसडीपीओ ने की अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक



**बिक्रमगंज /रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण एवं विधि- व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को बिक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय के सभागार भवन में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने संयुक्त रूप से की । बैठक में मुख्य रूप से भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार,अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष,अंचलाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी,विभिन्न विभागों के अधिकारी,शांति समिति के सदस्य,मोहर्रम कमेटियों के खलीफा एवं सदस्य,जनप्रतिनिधि,मीडिया प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।बैठक दौरान मोहर्रम जुलूस के मार्ग,सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की निगरानी,यातायात प्रबंधन,विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति,साफ-सफाई तथा सोशल मीडिया पर अफवाहों की रोकथाम समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई । अधिकारियों ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पक्षों से समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया ।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि मोहर्रम केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं,बल्कि त्याग,बलिदान, अनुशासन और मानवता का संदेश देने वाला अवसर है ।प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि अनुमंडल क्षेत्र में यह पर्व पूरी शांति,सुरक्षा और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हो ।सभी समितियां प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें । यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें । उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को गंभीरता से लिया जाएगा तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी । वहीं एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने कहा कि मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है । जुलूस मार्गों,संवेदनशील क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके ।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी ।अफवाह फैलाने, भड़काऊ संदेश प्रसारित करने अथवा शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा ।

मोहर्रम का मूल संदेश भाईचारा,संयम और इंसानियत है,इसलिए सभी लोग आपसी सद्भाव बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं । बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों, मोहर्रम कमेटियों के खलीफाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया ।अंत में अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन और जनता के संयुक्त प्रयास से ही क्षेत्र में शांति,सुरक्षा और सामाजिक समरसता की परंपरा को और मजबूत बनाया जा सकता है ।

## जनकल्याण सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, तीन दिनों में 272 आवेदन प्राप्त

**दिनारा रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** राज्य के मुख्य सचिव के निदेर्शानुसार प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को भी जनकल्याण सहयोग शिविर का आयोजन किया गया, जहां विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। शिविर में लोगों ने अपनी शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन जमा कर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया। शिविर में परिवहन विभाग, श्रम संसाधन विभाग, समाज कल्याण, आयुष्मान भारत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री आवास योजना, जीविका, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर लाभुकों को राहत पहुंचाई।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 छात्रों का फार्मासिस्ट पद पर चयन

**सासाराम, 18 जून (तरुणमित्र)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के डिप्लोमा इन फामेर्सी के 15 विद्यार्थियों का चयन बिहार सरकार में फार्मासिस्ट पद पर हुआ है।इसकी जानकारी देते हुए संस्थान के डीन सह प्राचार्य डॉक्टर धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं संस्थान द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतिफल है।चयनित विद्यार्थियों में अभिमन्यु कुमार,सरोज कुमार,रंजन कुमार, चिन्ता कुमारी, आलोक कुमार, शशिकांत प्रसाद,अमन आनंद, चंदन कुमार, श्रुति कुमारी, गुलशन कुमार,प्रभात कुमार पंकज, मुकेश कुमार, पंकज कुमार गुप्ता,आफरीन तबस्सुम एवं अयूब अंसारी शामिल हैं।छात्रों के उल्लेखनीय सफलता पर नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) धर्मेन्द्र कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, समर्पण तथा संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।उन्होंने कहा कि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय एवं नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावसायिक कौशल तथा रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा संस्थान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सहायक होगी।इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं संस्थान के सभी शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के नौवां गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए दिनारा थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, निर्मला कुँवर के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में सोनिया देवी समेत तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सोनिया देवी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में निर्मला देवी पक्ष के दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।घटना को लेकर दोनों पक्षों ने मारपीट एवं दुर्व्यवहार के आरोप लगाए हैं।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा जांचोपरांत आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घर से पढ़ाई के लिए निकली युवती लापता पिता ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**दिनारा रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** नटवार थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर युवती के पिता ने नटवार थाना में आवेदन देकर पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दर्ज आवेदन में पिता ने बताया है कि उनकी पुत्री दोपहर में पढ़ाई करने के उद्देश्य से घर से निकली थी। परंतु देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। इसके बाद परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों ने संभावित स्थानों पर उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। युवती के अचानक गायब होने से परिजन परेशान हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है तथा विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही युवती का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**दिनारा रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक धंधेबाज को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मरुऑ गांव के समीप छापेमारी की। इस दौरान मरुऑ गांव निवासी कामता सिंह के पुत्र मंटू सिंह को सड़क किनारे से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग छह पीस ब्लू लाइम देशी मसाला शराब बरामद की गई। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपित के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### तालाब में डूबकर दो सहोदर भाई बहनों की मौत

**सासाराम, 18 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले से बुधवार की शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। दरअसल जिले के करगहर थाना क्षेत्र के बाउर गांव में दो सहोदर भाई बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों मासूम बच्चे बाउर गांव निवासी अनिल बैठा के पुत्र-पुत्री बताये जाते हैं, जिनकी पहचान आठ वर्षीय सीटू कुमार एवं दस वर्षीय दिव्या कुमारी के रूप में हुई है।घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बुधवार को अनिल बैठा अपने किसी काम को लेकर घर से बाहर गए थे। इसी बीच दोनों बच्चे खुद को घर में अकेला पाकर बाहर निकल गये। इसके बाद अनिल बैठा दोपहर में जब घर लौटे, तो दोनों को घर में नहीं पाकर परेशान हो उठे। उन्होंने पूरे गांव समेत आसपास के इलाकों में भी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी।खोजबीन के क्रम में बुधवार की शाम जब कुछ ग्रामीण गांव के किनारे स्थित तालाब की ओर गये, तो उनकी नजर दो हवाई चप्पलों पर पड़ी। ग्रामीणों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तत्काल इसकी सूचना गांव वालों को दी, इसके बाद बड़ी संख्या लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।वहीं ग्रामीणों ने काफी देर की मेहनत के बाद दोनों बच्चों का शव तालाब से बाहर निकाला और मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

## स्वाभिमान,शौर्य और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप को एबीवीपी ने किया नमन

**बिक्रमगंज /रोहतास** :अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) बिक्रमगंज इकाई द्वारा बुधवार को नगर स्थित अंजबित सिंह महाविद्यालय परिसर में राष्ट्र गौरव,अदम्य साहस एवं स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा,सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई ।कार्यक्रम में उपस्थित परिषद कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ के शासक नहीं,बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं ।उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष का जो अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया,वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है । उनके जीवन से त्याग,साहस, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सीख मिलती है ।

कार्यक्रम दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए । समारोह में देशभक्ति और राष्ट्र गौरव से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में एबीवीपी बिक्रमगंज इकाई के सभी सदस्य उपस्थित रहे । सभी ने एक स्वर में महाराणा प्रताप के आदर्शों को समाज में प्रसारित करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प व्यक्त किया ।

### एक कांड में संलिप्त तीन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिक्रमगंज /रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए एक कांड में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपितों को दबोचने में सफलता हासिल की ।साथ ही घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है । कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में गोसाई मोहल्ला बिक्रमगंज निवासी रमेश पासवान का पुत्र रवि पासवान उर्फ रवि सरकार,बिक्रमगंज निवासी लक्ष्मण पटेल का पुत्र सिंकू पटेल तथा वार्ड संख्या-14 निवासी स्वर्गीय विंध्याचल सोनी का पुत्र शत्रुघ्न कुमार सोनी शामिल हैं ।उन्होंने बताया कि पुलिस को इनकी गतिविधियों की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी,जिसके आधार पर विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई । कार्रवाई के दौरान तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया ।वहीं मामले में प्रयुक्त बुलेट बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है ।

### तेज रफ्तार बालू लदे डम्फर ने जोरदार टक्कर से एक बालक की मौत

**नासरीगंज /रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के धुस बाई पास पर बालू लदे हाइवा के टक्कर से एक युवक की बुधवार देर रात्रि मौत हो गई। मृतक इटिमहां पंचायत के जीना टोला धुस निवासी दिनेश चौधरी का 16 वर्षीय पुत्र था। घटना के सम्बंध में पंचायत के सरपंच अजय प्रसाद ने बताया कि मृतक नासरीगंज बाजार से धुस चौक पर सड़क पार कर घर आ रहा था उसी क्रम में तेज रफ्तार बालू लदे डम्फर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। टक्कर मारकर वाहन डेहरी की ओर फरार हो गया। मृतक दो भाई और एक बहन थे। वह अत्यंत गरीब परिवार से सम्बंध रखता था। पिता रिक्शा, ठेला चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार में उक्त हिर्दयविदारक घटना को ले दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

## डीएम ने आठ लोगों से किया दैनिक साक्षात्कार



**सासाराम, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के द्वारा दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल आठ आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं।इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को सौंपे।साक्षात्कार के क्रम में श्रीमती बेबी देवी (ग्राम-तेन्दुआ, पोस्ट-वराढ़ी), वीरेंद्र राय (ग्राम-पकड़ी) तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य कोचस डॉ. मुन्ना कुमार पासवान द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों को संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को भेजा गया।

वहीं, सासाराम नगर निगम के वार्ड संख्या-16 के निवासियों द्वारा दिए गए आवेदन पत्र को नगर आयुक्त सासाराम को अग्रसारित किया गया। शिवसागर के आलमपुर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा से संबंधित श्री कमलेश पाण्डेय के आवेदन को कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम को भेजा गया।चेनारी निवासी श्री कौशल कुमार गुप्ता के आवेदन पत्र को अपर समाहर्ता रोहतास को भेजा गया। इसके अलावा श्री हरि प्रसाद राम, अरुण राम एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा तोरनी मौजा में बिहार सरकार की भूमि को निजी भूमि में मिलाए जाने संबंधी शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। आशा कार्यकताओं के फैसिलिटेशन सेंटर द्वारा दिए गए आवेदन पत्र को असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास को अविलंब जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु भेजा गया।जिला पदाधिकारी ने शेष प्राप्त आवेदन पत्रों के भी त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**नोखा , 18 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास थाना क्षेत्र के शिवपुर-जबरा रोड स्थित हरिहरगंज गांव के समीप गुरुवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरिहरगंज गांव के पास दो बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा तथा पुलिस को दी गई।घटना में घायल एक युवक की पहचान महाराजगंज गांव निवासी मुकेश कुमार, पिता महेंद्र चौधरी के रूप में की गई। वहीं दूसरे घायल की पहचान भिखारीडीह गांव निवासी हसन शिवकुमार उर्फ मुकेश कुमार, पिता रामविलास सिंह के रूप में हुई।बताया गया कि भिखारीडीह गांव निवासी शिवकुमार उर्फ मुकेश कुमार दुर्घटना के बाद अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ था। उसकी पहचान तत्काल नहीं हो सकी थी। बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी तस्वीर साझा किए जाने पर परिजनों ने उसकी पहचान की और सासाराम सदर अस्पताल पहुंचे।नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. मनोहर कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें लगी थीं। महाराजगंज निवासी मुकेश कुमार के पैर और सिर में गंभीर चोट पाई गई, जबकि दूसरे घायल की स्थिति भी चिंताजनक थी। दोनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस से सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया।

## प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




**बिक्रमगंज /रोहतास , 18 जून (तरुणमित्र)।** खेत बचाओ अभियान अंतर्गत प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कार्यक्रम का संचालन कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर रतन कुमार ने किया।आत्मा रोहतास द्वारा कृषि फार्म धनगाई बिक्रमगंज में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारी संतोष पटेल भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ,बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ,किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रेमचंद कुशवाहा ,कृषि वैज्ञानिक आर के जलज डॉक्टर प्रकाश सिंह, डॉक्टर रमाकांत सिंह द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रगान से किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर जलज ने तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आवाहन किया ताकि खेत को बचाया जा सके।

डॉ रमाकांत सिंह मृदा वैज्ञानिक एवं नोडल प्राकृतिक खेती कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास ने बताया कि बिना खाद एवं दवा के भी अच्छी फसल उपजाई जा सकती है। लाल बाबू सिंह फार्मर मास्टर ट्रेनर खेती की अनेक उन्नत विधि बताई। डॉ प्रकाश सिंह फाउंडेशन बीज एवं सोनाचूर धान के बारे में बताया। किसान बाबूलाल सिंह ऑर्गेनिक खेती एवं चिकनी मिट्टी के बारे में बताया । जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने सभी पदाधिकारी को तन मन धन से सेवा करने का आग्रह किया। मोदी जी का विकसित भारत बनाने में सहयोग करने की अपील की।

किसानों के बीच सम्मान के रूप में सबौर सोना एवं प्रताप बीज का वितरण किया गया। कार्यशाला में किसानों की सहभागिता रही उनमें प्राकृतिक खेती सह संयोजक अजय ओझा ,उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, ऋतुराज उपाध्याय ,अभय कुशवाहा, शंभू सिंह, अनिल सिंह, आडवाणी सिंह, नवीन सिंह ,जैन नंदन चौधरी ,अरुण वर्मा, परशुराम पाल इत्यादि। कार्यक्रम का समापन धनंजय सिंह एवं सुमन के उत्प्रेरक किस गीत के साथ हुआ। जय जवान जय किसान की उद्घोष भी हुआ।

## डीएम के निर्देश पर दिव्यांग महिला को मिला बैट्री चालित ट्राईसाईकिल




**सासाराम, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिला प्रशासन, रोहतास को सूचना प्राप्त हुई कि प्रखण्ड नोखा अंतर्गत पंचायत बरांव निवासी 30 वर्षीय दिव्यांग महिला भारती कुमारी को अब तक बैट्री चालित ट्राईसाईकिल योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ था। मामले की जानकारी मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में पंचायत स्तरीय कर्मियों द्वारा लाभार्थी की पहचान कर आवश्यक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

तत्पश्चात प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नोखा के प्रयास से गुरुवार को नोखा प्रखण्ड में चल रहे सहयोग शिविर में इसका त्वरित निवारण करते हुए भारती कुमारी को बैट्री चालित ट्राईसाईकिल उपलब्ध करा दी गई। बैट्री चालित ट्राईसाईकिल प्राप्त होने पर लाभार्थी एवं उनके परिजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह सुविधा उनके आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ अत्मनिर्भरता एवं सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देगी।

लाभार्थी भारती कुमारी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भी लाभ हर महीने 1100 रुपये मिल रहा है।

जिला प्रशासन, रोहतास, सासाराम के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा।

### लोजापा महासचिव के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

**काराकाट रोहतास , 18 जून (तरुणमित्र)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के रोहतास जिला प्रधान महासचिव धर्मेंद्र पासवान के आकस्मिक निधन से संगठन को गहरा आघात पहुंचा है । उनके निधन की सूचना मिलते ही पार्टी के प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व हटिया गांव स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचा और शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं । एलजेपी (आर) के प्रदेश राष्ट्रीय महासचिव डॉ.सत्यानंद शर्मा,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल पासवान ने दिवंगत नेता के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए । इस दौरान एससी-एसटी प्रकोष्ठ के रोहतास जिलाध्यक्ष चुनमुन पासवान,जिला महासचिव रवि पासवान,काराकाट (गोड़ारी) प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य राम नारायण चन्द्रवंशी,किरहीं पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र पासवान तथा मोथा पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्रवंशी भी मौजूद रहे ।नेताओं ने धर्मेंद्र पासवान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और कहा कि धर्मेंद्र पासवान केवल एक पदाधिकारी नहीं,बल्कि संगठन की मजबूत कड़ी थे ।

### प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर में विद्युत विभाग ने प्रदान की त्वरित सेवाएं एवं समाधान

**सासाराम, 18 जून (तरुणमित्र)।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आमजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर में विद्युत विभाग की सक्रिय भागीदारी रही। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सासाराम अंतर्गत आयोजित शिविरों में विभाग द्वारा विशेष हेल्प डेस्क एवं सेवा काउंटर स्थापित कर उपभोक्ताओं को विभिन्न विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की गुरुवार को आयोजित शिविरों में विद्युत विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन, बिजली बिल में सुधार, मीटर संबंधी शिकायतों का निवारण, विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का समाधान, बकाया भुगतान संबंधी जानकारी, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के संबंध में परामर्श तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवश्यक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया।शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई तथा पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई गई।

इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण, सुरक्षित विद्युत उपयोग एवं विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऐसे शिविरों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं।

### तीन दिवसीय सहयोग शिविर संपन्न

**काराकाट /रोहतास, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित तीन दिवसीय सहयोग शिविर गुरुवार को संपन्न हो गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन कुल 185 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 134 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिविर के पहले दिन 168 और दूसरे दिन बुधवार को 162 आवेदन दर्ज किए गए थे।शिविर में सर्वाधिक 46 मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे, जिनमें से 6 का त्वरित निष्पादन हुआ। श्रम विभाग के सभी 25 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। पंचायती राज विभाग को पेंशन संबंधी 15 आवेदन प्राप्त हुए। मनरेगा विभाग से 11, स्वास्थ्य विभाग से 9 आवेदन आए। आयुष्मान कार्ड के लिए प्राप्त सभी 6 आवेदनों पर तत्काल कार्ड बनाकर दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने शिविर के दौरान 26 लोगों का निःशुल्क हेल्थ चेकअप भी किया। बिजली विभाग से कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 का समाधान तुरंत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# प्रभारी मंत्री ने विकास प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**संतकबीरनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान (दिनांक 05 जून से 21 जून 2026 तक) के क्रम में विकास भवन स्थित डीपीआरसी हॉल/परिसर में आयोजित जनकल्याणकारी शिविर एवं विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा नीतू सिंह विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, जिला प्रभारी भाजपा अजय सिंह गौतम जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।



प्रभारी मंत्री ने केंद्र सरकार के उत्कृष्ट 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विकास प्रदर्शनी में उपस्थित सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का विगत 12 वर्षों का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। इस अवधि में देश ने हर क्षेत्र में उन्नत विकास किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रधानमंत्री द्वारा कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। विगत 12 वर्षों में देश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा हम वैश्विक मंच पर मजबूत नेतृत्व के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। देश की अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति कर रही है तथा युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तिकरण हेतु सरकार सतत प्रयासरत है।

मंत्री ने कहा कि इस विकास प्रदर्शनी उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतिगत निर्णयों एवं उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करना है।

# टेट के खिलाफ शिक्षकों का शंखनाद, सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

## 25 साल सेवा के बाद योग्यता पर सवाल क्यों? केंद्र से कानून बनाकर राहत देने की मांग

**कुशीनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** परिषदीय विद्यालयों में वर्षों से बच्चों का भविष्य गढ़ रहे शिक्षकों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। टेट की अनिवार्यता के विरोध में गुरुवार को कुशीनगर की सड़कों पर शिक्षकों का ऐसा हुजूम उमड़ा, जिसने शिक्षा व्यवस्था से जुड़े एक बड़े सवाल को फिर से राष्ट्रीय बहस के केंद्र में खड़ा कर दिया है।

बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक निकले विशाल पैदल मार्च में हजारों शिक्षकों ने हिस्सा लिया और सरकार से पूछा कि जिन शिक्षकों ने 20 से 25 वर्षों तक विद्यालयों में अपनी सेवाएं दीं, आखिर आज उनकी योग्यता पर सवाल क्यों खड़े किए जा रहे हैं। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के देशव्यापी आह्वान पर हुए इस प्रदर्शन में शिक्षकों का आक्रोश साफ दिखाई दिया। उनका कहना था कि नियुक्ति




के समय उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित सभी शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संबंधी अर्हताओं को पूरा किया था। दशकों तक बच्चों को शिक्षित करने के बाद अब टेट को अनिवार्य बनाना न केवल उनके अनुभव का अपमान है, बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य पर भी संकट खड़ा कर रहा है। जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे शिक्षकों ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम वैभव मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार मानसून सत्र में अध्यादेश अथवा कानून लाकर कार्यरत शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त करे। संघ के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में जिन शिक्षकों ने अपना पूरा जीवन खपा दिया, उन्हें आज फिर से पात्रता साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह केवल शिक्षकों के अधिकारों का सवाल नहीं,बल्कि उनके सम्मान और आत्मगौरव से भी जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ किसी भी कीमत पर शिक्षकों के हितों की अनदेखी नहीं होने देगा। जिला अध्यक्ष अविनाश शुक्ला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत तथ्यों और सरकारी पक्ष की कमजोरी के कारण लाखों शिक्षकों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर दशकों से कार्यरत शिक्षकों को राहत प्रदान करे। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है।महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि देशभर में जिला मुख्यालयों पर एक साथ हुए इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य केंद्र सरकार का ध्यान शिक्षकों की इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना है।

## एडीएम की अध्यक्षता में भूमि मूल्य अनुमोदन समिति की बैठक हुई आयोजित



**संतकबीरनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सिचाई विभाग सरयू नहर खंड खलीलाबाद के अधिकारियों एवं ग्राम रेवटा, गौरा, घटरमा, बढ़या माफी, मँझरिया गुलाम राय, उमरी कला, बसडीला, भगठान, खरवनिया कला एवं बलही के काश्तकारों / किसानों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुवाजा प्राप्त करने के लिए काश्तकारों नें सहमति प्रदान किया। समिति द्वारा बताया गया की वर्तमान सर्किल रेट से 04 गुना मुवाजा दिया जायेगा। बैठक में मुवाजा मिलने वाले सभी काश्तकारों की उपस्तिथि रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन लाल, अधिशाषी अभियंता सरयू नहर ई. विश्वनाथ शुक्ला, तहसीलदार धनघटा रामजी, सब रजिस्ट्रार राजेश कुमार, एसएलओ बस्ती आदि उपस्थित रहें।

# जन जागरूकता अभियान के तहत प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित

**संतकबीरनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर समय की जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत जनपद स्तरीय प्राकृतिक खेती की कार्यशाला का आयोजन आज विकास भवन स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि प्रदेश की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम थी इस अवसर पर जनपद के भाजपा जिलाध्यक्ष नीतू सिंह, विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, विजय बहादुर सिंह जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा एवं



अजय कुमार गौतम जिला प्रभारी एवं भाजपा के पदाधिकारीगढ़ आदि उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में जिले में कार्यरत विभिन्न विभागों पुलिस विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, वन विभाग, उद्यान विभाग, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली, खादी ग्राम उद्योग, पशुपालन एवं कृषक उत्पादक संगठनों ने अपना स्टाल लगाया था। कार्यक्रम के आरंभ में माननीय मुख्य अतिथि विजय लक्ष्मी गौतम को गार्ड ऑफ आनर देकर सम्मानित किया गयाल। तत्पश्चात उन्होंने समस्त स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की` कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्वालित करके उनके द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राकृतिक खेती के प्रगतिशील किसान अजीत सिंह मेहदावल द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि रासायनिक खेती से बहुत ज्यादा हानि हो रही है` रासायनिक खाद बनाने के लिए बाहर से केमिकल मंगाना पड़ता है जो की बहुत ही महंगा पड़ता है। प्राकृतिक खेती में शून्य लागत है एवं अधिक लाभ है` उन्होंने जीवामृत बनाने की विधि एवं गोमूत्र विधि से खेती करने के लाभ पर जोर दिया। पद्मश्री से सम्मानित डॉ. रामचंद्र चौधरी द्वारा अवगत कराया गया की पांच गांव में 100 किसानों के साथ प्राकृतिक खेती का कार्य कराया जा रहा है` इस प्राकृतिक खेती से आगे चलकर भूमि एवं स्वास्थ्य दोनों ही सुरक्षित रहेगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने इस जनपद में प्राकृतिक खेती को अपनाया जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे भी हो रासायनिक खाद एवं दवाइयां से खेतों को बचाव किया जाना चाहिए` हम प्राकृतिक खेती से उर्वरा शक्ति को कैसे बढ़ा सकते हैं इसका पूरा प्रयास होना चाहिए। आज मुख्यमंत्री तमाम योजनाओं के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं। पुराने कृषक एवं हमारे पूर्वज अपने दरवाजे पर फलों के पौधे लगाते थे और फल पैदा होने पर वही खाते थे।

## नि :शुल्क प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**देवरिया, 18 जून (तरुणमित्र)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मेहरौना में कक्षा 6, 7, 8 और 9 की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह विद्यालय पूर्णतः आवासीय एवं निःशुल्क है। ऑफलाइन आवेदन 27 जून तक जमा किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई को आयोजित होगी, जबकि चयनित विद्यार्थियों की सूची और प्रवेश प्रक्रिया 6 जुलाई को पूरी की जाएगी। आवेदन पत्र और प्रवेश पत्र विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने पात्र विद्यार्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की है।

# छठ घाट के सुंदरीकरण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**कुशीनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी विकास नीतियों के अनुरूप नगर पालिका परिषद पडरौना द्वारा नगर के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर किए जा रहे कार्यों के क्रम में नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के हनुमान इंटर कॉलेज के समीप स्थित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज जी छठ घाट पर संचालित सुंदरीकरण निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने



निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि छठ पर्व के दौरान बड़ी संख्या में माताएं, बहनें एवं श्रद्धालु इस घाट पर पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। उनकी सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए छठ घाट का विकास एवं सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के उपरांत श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी तथा धार्मिक आयोजनों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में नगर के सम्मानित नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। नगर पालिका परिषद जनहित एवं जनसुविधा से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज, जेई रामबहादुर प्रसाद, पवन गोंड, संतोष चौहान, राकेश जायसवाल, मंथन सिंह, आकाश वर्मा, ओम कुशवाहा, प्रवीण तिवारी, ललित चौबे, प्रिंस शर्मा के अलावा नपा कर्मचारी, संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे।

## गो-आश्रय स्थलों की जांच के लिए अधिकारियों की तैनाती

**देवरिया, 18 जून (तरुणमित्र)।** विशेष भूसा संग्रहण अभियान के तहत संचालित गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के सत्यापन के लिए जिला प्रशासन ने अधिकारियों की तैनाती की है। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिले के विभिन्न गो-आश्रय स्थलों के लिए अलग-अलग विभागीय अधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें पिपराचंद्रभान, सुकरौली, घाटी, कोला महुई पाण्डेय, भेड़ापाकड़, भैंसाडाबर, सोनहुला रामनगर और घुघा स्थित गो संरक्षण केंद्र एवं आश्रय स्थल शामिल हैं।

# दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ

**देवरिया, 18 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के बैतालपुर स्थित कृषि प्रशिक्षण केंद्र सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा और कृषि विभाग के समन्वय से दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि प्राकृतिक खेती खेती की लागत को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है, जिससे रसायनमुक्त कृषि को प्रोत्साहन मिल रहा है और लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद मिलेगी।

प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ एवं



भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरी राय ने बताया कि देसी गाय के गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन और वन की पत्तियों से जीवामृत एवं बीजामृत जैसे प्राकृतिक खाद और कीट नियंत्रक तैयार किए जाते हैं।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अनुदान उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, जल धारण क्षमता में सुधार होता है और सिंचाई की आवश्यकता कम पड़ती है।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने जीवामृत और घनजीवामृत बनाने की विधि का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, कृष्णनाथ राय, अंबिकेश पांडेय, गंगा सिंह कुशवाहा, राजेश मिश्रा, काशीपति शुक्ल, उप कृषि निदेशक सुभाष चन्द्र मौर्य सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में 120 अभ्यर्थियों का चयन

**देवरिया, 18 जून (तरुणमित्र)।** राजकीय आईटीआई बैतालपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले में 280 युवाओं ने प्रतिभाग किया। मेले में शामिल चार निजी कंपनियों ने साक्षात्कार के बाद 120 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया। जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अन्य अभ्यर्थी भी निरंतर प्रयास जारी रखें। रोजगार मेले का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

## मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण : देवरिया को 380 आवासों का लक्ष्य

**देवरिया, 18 जून (तरुणमित्र)।** जनपद को वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 380 आवासों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राकृतिक आपदा प्रभावित, मुसहर, नट, थारू, दिव्यांगजन, निराश्रित महिला समेत विभिन्न पात्र श्रेणियों के आवासविहीन परिवारों को योजना का लाभ दिया जाएगा। विकास खंडवार लक्ष्य भी निर्धारित कर दिए गए हैं। सबसे अधिक 40 आवास भलुअनी, 35-35 रुद्रपुर और गौरीबाजार, जबकि 30-30 भाटपाररानी एवं पथरदेवा को आवंटित किए गए हैं। पात्र परिवार विकास खंड कार्यालय में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

## पचफेड़ा भूमि विवाद में प्रशासन ने कराया समझौते का प्रयास

### सहमति न बनने पर न्यायालय के निर्णय की होगी प्रतीक्षा

**कुशीनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** तहसील पडरौना के अंतर्गत ग्राम पचफेड़ा (तप्पा-पपउर) निवासी एक महिला द्वारा भूमि विवाद के संबंध में अनशन किए जाने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए जांच कराई गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी, पडरौना की देखरेख में तहसीलदार द्वारा जांच कर दोनों पक्षों को सुनवाई हेतु बुलाया गया तथा विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रयास किया गया।

ज्ञातव्य है कि ग्राम पचफेड़ा निवासी श्रीमती सिंगारी देवी पत्नी बालगोविन्द द्वारा दिनांक 08 जून 2026 को जनता दर्शन में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया था कि उन्होंने गाटा संख्या-1088 में से 0.010 हेक्टेयर भूमि क्रय की है, जिस पर निर्माण कार्य कराए जाने के दौरान विपक्षी पक्ष द्वारा आपत्ति की जा रही है।

दिनांक 17 जून 2026 को कराई गई स्थलीय जांच में पाया गया कि आवेदिका द्वारा क्रय की गई भूमि का क्षेत्रफल 0.010 हेक्टेयर है, जबकि मौके पर लगभग 0.014 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस प्रकार लगभग 0.004 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर कब्जा एवं निर्माण किए जाने की स्थिति परिलक्षित हुई।

आवेदिका द्वारा अतिरिक्त भूमि के संबंध में मौखिक रूप से धनराशि दिए जाने का दावा किया गया, किंतु इसके समर्थन में कोई अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। दूसरी ओर विपक्षी पूर्णेन्द्र शाही द्वारा उक्त विवाद के संबंध में सिविल न्यायालय, पडरौना में वाद संख्या-1816/2025 प्रस्तुत किया गया है, जिसकी अगली सुनवाई दिनांक 12 अगस्त 2026 को नियत है।

उप जिलाधिकारी कार्यालय में दोनों पक्षों की सुनवाई के दौरान प्रशासन द्वारा विवाद के समाधान हेतु विभिन्न विकल्प प्रस्तुत किए गए, किंतु किसी भी विकल्प पर दोनों पक्षों के मध्य सहमति नहीं बन सकी। चूंकि मामला निजी पक्षों के मध्य भूमि विवाद से संबंधित है तथा सिविल न्यायालय में विचाराधीन है, अतः प्रशासन द्वारा न्यायालय के अंतिम निर्णय के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## मोहर्रम को लेकर डीएम-एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश

**लखीमपुर-खीरी,18 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण एवं परंपरागत ढंग से संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम अंजनी कुमार सिंह,एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने की। इसमें डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत लोगों के साथ बातचीत कर सभी को आपसी भाईचारा, सौहार्द व शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। डीएम ने कहा कि मोहर्रम गम और मातम का पर्व है, जिसे गरिमापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए।

# जिलाधिकारी ने तहसील रामनगर का किया औचक निरीक्षण

**बाराबंकी, 18 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा गुरुवार को तहसील रामनगर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों, अभिलेखागार, न्यायालयों एवं जनसुविधाओं का अवलोकन कर राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि तहसील में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन के प्रति संवेदनशील, सहयोगात्मक एवं सम्मानजनक व्यवहार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा शिकायतों के नियमित अनुश्रवण पर विशेष बल दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायालय एवं अन्य राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा की।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**● बीएसए कार्यालय से डीएम कार्यालय तक निकाला पैदल मार्च**

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के देशव्यापी आह्वान पर गुरुवार को जिले के परिषदीय शिक्षकों ने टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन में जिले भर से पहुंचे 500 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर कार्यरत शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग की।

जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम वैभव मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। एडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित माध्यम से प्रधानमंत्री तक मांग पहुंचाने का आश्वासन दिया। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षक 20 से 25 वर्षों से सेवा दे रहे हैं तथा नियुक्ति के समय उन्होंने तत्कालीन नियमों के अनुरूप सभी निर्धारित शैक्षिक व प्रशिक्षण संबंधी अर्हताएं पूरी की थीं। इसके बावजूद अब टेट परीक्षा की अनिवार्यता से हजारों शिक्षकों के समक्ष सेवा संबंधी संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना था कि लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था में योगदान दे रहे शिक्षकों के अनुभव व सेवा का सम्मान किया जाना चाहिए। मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि दशकों से अध्यापन कार्य कर रहे वरिष्ठ व बुजुर्ग शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा अनिवार्य करना उचित नहीं है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मांग है कि केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र में अध्यादेश अथवा आवश्यक विधायी व्यवस्था कर कार्यरत शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से राहत प्रदान करे। जिलाध्यक्ष अविनाश शुक्ला ने कहा कि कार्यरत शिक्षकों के पक्ष में आवश्यक कदम उठाकर उन्हें न्याय दिलाया जाना चाहिए। कार्यवाहक महामंत्री दिलीप पांडेय ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे पुराने शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त किया जाना चाहिए।

महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन के आह्वान पर देशभर में जिला मुख्यालयों पर एक साथ प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद स्तरीय उत्पादकता गोष्ठी आयोजित, कालानमक चावल और मखाना की खेती पर जोर

**सिद्धार्थनगर, 18 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज सिद्धार्थनगर जनपद में त्रिस्तरीय किसान समागम का भव्य आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जनपद स्तरीय उत्पादकता गोष्ठी 2026, त्वरित मक्का गोष्ठी तथा प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, बांसी विधायक जय प्रताप सिंह, शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं मुख्य विकास अधिकारी



बलराम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी मुख्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद श्री जगदंबिका पाल ने किसानों का स्वागत किया और कहा कि रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से खेतों की उर्वरा शक्ति घट रही है, इसलिए किसानों को अब प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहाः प्रधानमंत्री जी ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कर किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प लिया था, जो आज धरातल पर दिख रहा है। वर्ष 2016-17 में उत्तर प्रदेश में अनाज का उत्पादन जहाँ 557 लाख टन था, वहीं आज यह बढ़कर 720-725 लाख टन हो चुका है। सरकार ने 29 नई सिंचाई योजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे 43 लाख किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है।

सांसद ने 'एक जनपद एक उत्पाद' (ODOP) की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि सिद्धार्थनगर के प्रसिद्ध कालानमक चावल का क्षेत्र 2 हजार हेक्टेयर से बढ़कर अब 18 हजार हेक्टेयर हो गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि सोहना में मखाना की खेती शुरू हो चुकी है, जिससे आने वाले समय में सिद्धार्थनगर मखाना उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनेगा।

बांसी विधायक श्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और सरकार किसानों को नवाचार व नई तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खेतों की मिट्टी की जांच (मृदा परीक्षण) कराकर आवश्यकतानुसार ही खाद डालें और नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का उपयोग करें।

# हॉकी इंडिया ने मिडफील्डर नेहा को 200 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अनुभवी मिडफील्डर नेहा को भारत के लिए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है। उन्होंने गुरुवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में उरुग्वे के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने मिडफील्डर नेहा की उपलब्धि की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी में उनके लंबे करियर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना किसी भी खिलाड़ी के करियर में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।




नेहा एक दशक से अधिक समय से हमारी मिडफील्ड की अहम खिलाड़ी रही हैं। मैदान पर कठिन परिस्थितियों से निपटने की उनकी क्षमता उनकी आंतरिक शक्ति और चरित्र को दर्शाती है। उन्होंने महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हम भारतीय हॉकी में उनके अमूल्य योगदान को सलाम करते हैं और राष्ट्रीय जर्सी में उनकी निरंतर सफलता की कामना करते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक महत्वाकांक्षी युवा खिलाड़ी से भारत के लिए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने तक नेहा का सफर वाकई शानदार है। वह दृढ़ता की मिसाल हैं और उन्होंने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। मिडफील्ड में उनकी मौजूदगी टीम में एक अलग ही ऊर्जा भर देती है। यह उपलब्धि खेल के प्रति उनके अटूट समर्पण का फल है। उनका करियर निश्चित रूप से देश भर की कई युवा लड़कियों को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करेगा। इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए नेहा ने कहा कि भारत के लिए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल कर-के मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व का क्षण है।

मैं अपने परिवार और प्रीतम सिवाच मैम को हर सुख-दुख में मेरा साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं हॉकी इंडिया, अपनी टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ की भी आभारी हूं जिन्होंने मेरे पूरे करियर में मुझ पर भरोसा जताया और मेरा मार्गदर्शन किया।

हरियाणा के सोनीपत में जन्मी नेहा ने पूर्व भारतीय कप्तान प्रीतम रानी सिवाच के मार्गदर्शन में हॉकी खेलना शुरू किया था। उन्होंने 2014 में ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित एफआईएच चैंपियंस चैलेंज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। पदार्पण के बाद से ही उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम में मिडफील्ड की एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

नेहा राष्ट्रीय टीम के सबसे महत्वपूर्ण दौर में एक केंद्रीय स्तंभ रही हैं। टोक्यो 2020 ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम में वह एक अहम सदस्य थीं। उनके शानदार करियर में जकार्ता में आयोजित 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतना भी शामिल है। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अतिरिक्त, नेहा ने 2022 में आयोजित एफआईएच महिला नेशंस कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता। हाल ही में उन्होंने 2025 एशिया कप में राष्ट्रीय टीम को रजत पदक दिलाने में मदद की। वह रांची और राजगीर में आयोजित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थीं।

# मुरादाबाद सिटी टाइटंस ने सोनकपुर स्टेडियम टीम को दो विकेट से हराया

**मुरादाबाद।** ब्राससिटी अंडर 16 क्रिकेट टूनामेंट में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में मुरादाबाद सिटी टाइटंस ने सोनकपुर स्टेडियम टीम को दो विकेट से हराया। तीन विकेट लेने वाले मुरादाबाद सिटी के कार्तिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया वहीं 41 रन की पारी खेलने वाले विवेक को गेम चेंजर अवॉर्ड दिया गया।



मुरादाबाद डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाडी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सोनकपुर स्टेडियम की टीम 29.3 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से हर्षवर्धन ने 79 गेंदों पर 56 रन और कुमार अभिमन्यु ने 22 गेंदों में 24 रन बनाए। हालांकि कार्तिक की सटीक गेंदबाजी के आगे सोनकपुर स्टेडियम के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके। कोहिनूर और सक्षम ने भी दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुरादाबाद सिटी टाइटंस ने 23.2 ओवर में आठ विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली।

विवेक ने 31 गेंदों में 41 रन और अभिजीत ने 16 गेंदों पर 35 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सोनकपुर स्टेडियम की ओर से हर्षित ने तीन और विशाल ने दो विकेट लिए लेकिन उनकी मेहनत टीम को जीत नहीं दिला सकी। मैच में तीन विकेट लेकर टीम की जीत की मजबूत नींव रखने वाले कार्तिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

जबकि विवेक को उनकी 41 रन की पारी के लिए गेम चेंजर अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, मोहम्मद सलीम, विजय तमांग, अमन लिट, चमन, प्रियांशु जोशी, ईशा दानिश, प्रतीक्षा और रोहित सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# लगातार जीत से उत्साहित चंबल घड़ियाल्स कप्तान शुभम शर्मा, बोले– तैयारियों ने दिलाई सफलता

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप-2026 में चंबल घड़ियाल्स का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। टीम ने अब तक अपने सभी सात मुकाबले जीतकर अजेय रहने का रिकॉर्ड कायम रखा है। इस सफलता पर कप्तान शुभम शर्मा ने खुशी जताते हुए कहा कि लगातार जीत हासिल करना बेहद सुखद अनुभव है और टूर्नामेंट से पहले की गई कड़ी तैयारी ने टीम की इस कामयाबी में अहम भूमिका निभाई है। चंबल घड़ियाल्स ने इस सीजन जीत का सिलसिला जारी रखा है। बीती रात टीम ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स को 39 रनों से हराकर लगातार सातवीं जीत दर्ज की। इससे टीम इस सीजन अंक तालिका में 14 अंकों के साथ टॉप पर काबिज है।




बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ जीत के बाद कप्तान शुभम शर्मा ने कहा कि लगातार सात जीत हासिल करना बहुत अच्छा लग रहा है। जब तक हम जीतते रहते हैं तो ड्रेसिंग रूम का माहौल सकारात्मक रहता है। हालांकि हमें पता है कि अभी भी कुछ ऐसी जगहे हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर मैच में अलग-अलग चुनौतियां होती हैं और आज भी ऐसा ही था। हमने शुरूआत में कुछ विकेट गंवा दिए थे, इसलिए साझेदारी बनाना बहुत जरूरी हो गया था। कप्तान शर्मा ने कहा कि टूर्नामेंट से पहले की तैयारी ने हमारी सफलता में बड़ी भूमिका निभाई है। हमने ग्वालियर में एक साथ अच्छी ट्रेनिंग की, टीम के बीच मजबूत तालमेल बनाया और वही समझ हमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में मदद कर रही है।

मुकाबले की बात करें तो चंबल घड़ियाल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभम शर्मा (81) और त्रिपुरेश सिंह (50) की शानदार पारियों की बदौलत अपने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 218 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा अंकुश सिंह 26 रन, अमन भदौरिया 15 रन, मयूर पटेल ने नाबाद 13 रन और आवेश

# महिला हॉकी नेशंस कप: भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**ऑकलैंड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को आखिरी पूल मैच में उरुग्वे को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया, जिसमें अमेरिका, जापान और उरुग्वे पर लगातार तीन जीत शामिल हैं।

अमेरिका पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में भारत के लिए दीपिका (24वें मिनट, 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए चियारा एपेंनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलार (55वें मिनट) ने गोल दागे। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए एक खास मौका था, जिन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला।



मुकाबले के पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद उरुग्वे ने 13वें मिनट में चियारा के गोल से बढ़त हासिल कर ली।

हालांकि भारत ने जोरदार वापसी करते हुए हाफ टाइम से पहले अपनी शानदार फॉर्म में चल रही खिलाड़ी दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर को 24वें मिनट में सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। पहले हॉफ के बाद भारत ने अपनी खेल की तीव्रता बढ़ाते हुए लगातार दबाव बनाए रखा। 43वें मिनट में दीपिका सोरेंग के शानदार गोल की बदौलत भारत ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। उरुग्वे ने वापसी करते हुए कप्तान मनुएला के गोल से बराबरी कर ली। हालांकि, भारत ने तुरंत जवाब दिया। महज एक मिनट बाद दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर से अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 3-2 की बढ़त दिला दी, जिससे भारत की जीत सुनिश्चित हो गई।

## अर्थव्यवस्था

# इंडिगो एयरलाइन ने 'कैब्स विद इंडिगो' एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की

### सिर्फ 49 रुपये में बुक होगी कैब, एयरपोर्ट ट्रांसफर के साथ आसान यात्रा का भरोसा

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन ने गुरुवार को 'कैब्स विद इंडिगो' नाम से एक नई एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की है। यह सर्विस देश के सभी शहरों में उपलब्ध होगी और इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम से जुड़ी होगी। इसके जरिए हवाई सफर करने वाले यात्रियों को 49 रुपये में कैब रिजर्वेशन, 100 फीसदी कन्फर्म राइड, बिना सर्ज प्राइसिंग, फ्री कैंसिलेशन और 30 मिनट फ्री वेटिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

कंपनी ने कहा कि आसान और बिना किसी परेशानी वाली यात्रा देने के अपने वादे को पूरा करते हुए भारत की पसंदीदा एयरलाइन इंडिगो ने 'कैब्स विद इंडिगो' सर्विस शुरू की है।

यह एक खास एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस है, जिसे भारत के सभी शहरों में एयरपोर्ट तक और वहां से आने-जाने के लिए भरोसेमंद, समय पर और तनाव-मुक्त कनेक्टिविटी देने के लिए बनाया गया है। एयरलाइन के लॉयल्टी प्रोग्राम 'इंडिगो ब्लूचिप' के साथ आसानी से जुड़ी यह सर्विस सदस्यों को 'कैब्स विद इंडिगो' पर खर्च किए गए हर 100 रुपये के लिए 5 'इंडिगो ब्लूचिप' कमाने का मौका देगी, जिससे तेजी से पॉइंट जमा होंगे और पूरी यात्रा एक फायदेमंद अनुभव बनेगी।

इंडिगो के चीफ डिजिटल और इन्फॉर्मेशन ऑफिसर नीतन चोपड़ा ने कहा कि इंडिगो में हमारा ध्यान सिर्फ उड़ानें चलाने से कहीं ज्यादा है। हम एक ऐसा आसान और पूरा ट्रैवल इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर हमारे ग्राहक भरोसा कर सकें। उन्होंने कहा कि 'कैब्स विद इंडिगो' की शुरूआत इस विजन को और मजबूत करती है। यह पक्का करती है कि यात्रा का हर चरण, 'घर से एयरपोर्ट और फिर आखिरी मंज़िल तक' आसान, भरोसेमंद और तनाव-मुक्त हो। नीतन चोपड़ा ने कहा कि जैसे-जैसे हम अपनी ट्रैवल सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं, यह सर्विस हमारे ग्राहकों को काम की, बिना किसी परेशानी वाली और एक जैसी ट्रैवल सुविधा देने के हमारे वादे को और मजबूत करती है। 'कैब्स विद इंडिगो' अब इंडिगो की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग के लिए उपलब्ध है।

इंडिगो ग्राहकों के लिए शुरू से आखिर तक की यात्रा को आसान बनाने पर ध्यान देते हुए एक बेहतर ट्रैवल इकोसिस्टम में लगातार निवेश कर रही है और 'कैब्स विद इंडिगो' का लॉन्च उसी वादे का एक स्वाभाविक विस्तार है।

हवाई कनेक्टिविटी देने के अलावा इंडिगो 7 लाख से ज्यादा ठहरने के विकल्पों और चुने हुए घूमने-फिरने के अनुभवों के लिए होटल बुकिंग की सुविधा भी देती है। नई सर्विस 'कैब्स विद इंडिगो' इस इकोसिस्टम को और बेहतर बनाती है।

मोजोबॉक्स द्वारा संचालित 'कैब्स विद इंडिगो' यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए खास तौर पर तैयार की गई सुविधाओं के साथ एक भरोसेमंद और पारदर्शी मोबिलिटी समाधान देती है।

# टाटा मोटर्स वाणिज्यिक वाहनों की कीमत में एक जुलाई से करेगी 2.5 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने अब अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई कीमतें आगामी एक जुलाई से लागू होंगी। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि यह मूल्य वृद्धि उसके सभी वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होगी। हालांकि अलग-अलग मॉडल एवं संस्करण के अनुसार बढ़ोतरी की दरें अलग-अलग हो सकती है। टाटा मोटर्स के मुताबिक यह कदम कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अन्य लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए उठाया जा रहा है। इससे पहले कंपनी ने पैसेंजर व्हीकल की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया था। टाटा मोटर्स के कार के दाम में यह बढ़ोतरी भी आगामी एक जुलाई से लागू होगी। कंपनी ने बताया था कि उसकी पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक कारों की कीमतों में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इसका पुराना नाम टेल्को था। ये टाटा समूह की प्रमुख कंपनियों में से एक है। इसकी उत्पादन इकाइयां भारत में जमशेदपुर, पुणे और लखनऊ सहित देश के कई शहरों में हैं।

# आईसीएआई सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम घोषित, पटियाला के नूर सिंगला बने ऑल इंडिया टॉपर

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने गुरुवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल मई, 2026 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। आईसीएआई ने टॉपर्स की सूची भी जारी कर दी है।

इस बार पटियाला के नूर सिंगला ने 499 अंक (83.17 फीसदी) हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। आईसीएआई ने सीए फाइनल मई 2026 परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया। साथ ही टॉपर्स की सूची भी जारी कर दी गई है।

इस बार पटियाला के नूर सिंगला ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल किया, उन्हें 499 अंक मिले हैं, जबकि उनका फीसदी 83.17 रहा।

हावड़ा के रितिज सराफ ने 475 अंकों यानी 79.17 फीसदी के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि डोंबिवली के सोहन अनिल मांजरेकर 473 अंकों यानी 78.83 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इन तीनों छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया टॉप-3 में अपनी जगह बनाई है।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सीए फाइनल परीक्षा पास करने के बाद 7,931 उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउंटेंट बने है। ग्रुप क के 54,606 उम्मीदवारों में से 6,555 पास हुए। ग्रुप क्क का परिणाम 20.49 फीसदी रहा और 42,573 उम्मीदवारों में से 8,725 पास हुए। दोनों ग्रुप का परिणाम 14.07 फीसदी रहा है, जिसमें 23,776 उम्मीदवारों में से 3,345 पास हुए हैं।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 254 अंक उछला

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मजबूती का रुख लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में जारी रहा। भू-राजनीतिक मोर्चे पर सकारात्मक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों में जारी नरमी से बाजार को समर्थन मिला, जिससे घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 254 अंकों और निफ्टी में 82 अंकों की उछाल दर्ज की गई। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 254.36 अंक यानी 0.33 फीसदी की उछाल के साथ 77,409.98 के स्तर पर बंद हुआ।



कारोबार के दौरान एक समय ये 77,492.33 अंक के उच्चतम और 76,953 के निचले स्तर तक गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 82.30 अंक यानी 0.34 फीसदी चढ़कर 24,168 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल प्रमुख कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी, स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। वहीं, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट रही। ये घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार पांचवां कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में कुल 3,577.43 अंक और निफ्टी में 1,006.4 अंक की बढ़त दर्ज की गई है। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में शामिल दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए है, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिश्रित रुख के साथ कारोबार कर रहे थे।

पश्चिम एशिया में तनाव थमने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 2.23 फीसदी गिरकर 77.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को सेंसेक्स 347.14 अंक की तेजी के साथ चढ़कर 77,155.62 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 97 अंक की बढ़त के साथ 24,085.70 पर बंद हुआ था।

# एचडीएफसी बैंक के अंतरिम चेयरमैन केकी मिस्त्री का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन के रूप में केकी मिस्त्री के कार्यकाल को 3 महीने तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "आरबीआई ने बैंक के आवेदन पर 18 जून को प्राप्त संचार के माध्यम से यह मंजूरी दी गई है।" बैंक ने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने केकी मिस्त्री के पार्ट-टाइम चेयरमैन के तौर पर कार्यकाल को तीन महीने बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। यह कार्यकाल 18 सितंबर, 2026 तक या किसी रेगुलर पार्ट-टाइम चेयरमैन की नियुक्ति होने तक (इनमें से जो भी पहले हो) बढ़ाया गया है। बैंक ने गुरुवार को जारी बयान में यह भी बताया कि उसके निदेशक मंडल ने बैंक की 32वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 5 अगस्त को आयोजित करने को मंजूरी दी है। इस एजीएम में 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 13 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश भुगतान को भी मंजूरी दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केकी मिस्त्री, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड, द ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी लिमिटेड, केएटीबी कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड, ब्रूकप्रॉप मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी सदस्य हैं।